रोहतक

गुरुवार 28 मई 2026

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 113
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 46.6
न्यून. 21.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में लय हासिल करने पर भारत की निगाहें

9

## नौतपा के तीसरे दिन चली भीषण लू, आज रात से बदलेगा मौसम

### घरों में दुबके लोग बाजार हुए सूने



**राजस्थान से आने वाली गर्म दक्षिण-पश्चिमी हवाओं ने तपाया**

**रोहतक 46.6° डिग्री के साथ रहा सबसे गर्म**

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

हरियाणा में नौतपा के तीसरे दिन तेज गर्मी पड़ रही है। अधिकतर जिले लू की चपेट में हैं। राजस्थान से आने वाली गर्म दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के कारण प्रदेश का औसत तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। रोहतक बुधवार को हरियाणा का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी के मामले में हरियाणा ने राजस्थान को भी पीछे छोड़ दिया है। राजस्थान में सबसे अधिक तापमान कोटा में 45.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके चलते घरों से बाहर निकले लोग-छात्र सिर पर कपड़ा ढककर चलने को मजबूर हैं। उधर, मौसम विज्ञान केंद्र चंडीगढ़ ने 29 मई से एक जून तक बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। गर्मी को देखते हुए सरकार ने किसानों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है।

### प्री-मानसून बारिश 29 मई से 5 जून तक संभव

**90% भारत को करेगी कवर**

**केरल में नमी कम होने से अटका मानसून**

**नई दिल्ली।** तेज गर्मी से जूझ रहे देश के 80-90% हिस्से में 29 मई से 5 जून तक प्री-मानसून बारिश हो सकती है। यह बारिश इसलिए अहम है, क्योंकि मानसून अभी केरल नहीं पहुंचा है। यहां 14 तय स्टेशनों में लगातार दो दिन 2.5 एमएम बारिश होने पर मानसून पहुंचने का ऐलान किया जाता है। मौसम विभाग ने 26 मई को मानसून पहुंचने का अनुमान लगाया था, लेकिन यहां नमी कमजोर होने से मानसून आगे नहीं बढ़ पाया है। वहीं, दक्षिण-मध्य अरब सागर में चक्रवाती सर्कुलेशन से भी बादल कमजोर हुए हैं। मौसम विभाग ने भारत में 15 दिनों की बारिश का पूर्वानुमान निकाला है।

### पानी की न हो कमी, पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट की छुट्टियां रद्द

**लापरवाही पर 2 एसडीओ, 2 जेई सस्पेंड, 2 चार्जशीट**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में बढ़ती गर्मी और पेयजल को लेकर सरकार ने पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट की छुट्टियों को रद्द कर दिया है। ये जानकारी विभागीय मंत्री रणवीर गंगवा ने दी। उन्होंने रिव्यू मीटिंग में इसको लेकर फैसला करते हुए बताया कि अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी के सीजन में बिना रुकावट पेयजल सुचारु रहे। पेयजल व्यवस्था में लापरवाही पर 2 एसडीओ और 2 जेई को सस्पेंड किया गया है। इसके अलावा 2 अधिकारियों को चार्जशीट किया गया है। उन्होंने बताया कि हांसी और चरखी दादरी के एसडीओ, जेई सस्पेंड किए गए हैं। आदमपुर के एसडीओ और जेई को चार्जशीट किया गया है।


हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना
हरियाणा
माह : मई
दिनांक : 28 मई 2026


### शंकर लाल धूपड़ हरियाणा शिक्षा बोर्ड के नए चेयरमैन



**भिवानी।** हरियाणा सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए शंकर लाल धूपड़ को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। पवन शर्मा की जगह शंकर लाल की नियुक्ति हुई है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। (विस्तृत पेज-4 पर)

### हाईकोर्ट ने कर्मचारियों के पक्ष में सुनाया बड़ा फैसला

# 20 साल से सेवाएं दे रहे 12,700 गेस्ट टीचर्स को 2 माह में करें पक्का

**कहा-बैकडोर एंट्री नहीं थी नियुक्ति**

**2014 की रेगुलराइजेशन पॉलिसी के तहत नियमित होंगे शिक्षक**

**नौकरी व रिटायरमेंट से जुड़े सभी लाभ दिए जाएं**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के सरकारी स्कूलों में करीब दो दशक से गेस्ट फैकल्टी शिक्षक और व्याख्याता के तौर पर सेवाएं दे रहे शिक्षकों को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जस्टिस संदीप मोदगिल की पीठ ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वर्ष 2014 की नियमितीकरण नीति के तहत याचिकाकर्ताओं की सेवाओं को नियमित किया जाए और उन्हें सभी परिणामी सेवा एवं सेवानिवृत्ति लाभ दिए जाएं। प्रदेश में करीब 12,700 गेस्ट टीचर पिछले लगभग 20 साल से सेवाएं दे रहे हैं। संगठन ने फैसले को "सम्मान की जीत" बताया है। मामला सुखविंदर सिंह एवं अन्य द्वारा दायर याचिका से जुड़ा था, जिसमें उन्होंने हरियाणा सरकार की 18 जून 2014 की नियमितीकरण नीति के आधार पर अपनी सेवाएं नियमित करने की मांग की थी।

**इतने साल काम लेने के बाद उन्हें सिर्फ अस्थायी नहीं कहा जा सकता**

याचिकाकर्ताओं का कहना था कि उन्हें वर्ष 2005-06 में सरकारी स्कूलों में रिक्त पदों के विरुद्ध गेस्ट फैकल्टी शिक्षक और व्याख्याता के रूप में नियुक्त किया गया था। नियुक्ति प्रक्रिया विज्ञापन जारी करने, चयन समितियों के गठन, आवेदनों की जांच और मेरिट सूची तैयार करने के बाद पूरी की गई थी। राज्य सरकार ने अदालत में दलील दी कि याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति केवल अस्थायी व्यवस्था के तौर पर की गई थी और वे नियमित भर्ती प्रक्रिया के तहत नियुक्त नहीं हुए थे, इसलिए वे नियमितीकरण के पात्र नहीं हैं। हालांकि हाईकोर्ट ने इस तर्क को खारिज कर दिया।

### शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला, नजरअंदाज नहीं कर सकते



#### याचिकाकर्ताओं की दलील

याचिकाकर्ताओं का कहना था कि उन्हें वर्ष 2005-06 में सरकारी स्कूलों में रिक्त पदों के विरुद्ध गेस्ट फैकल्टी शिक्षक और व्याख्याता के रूप में नियुक्त किया गया था। नियुक्ति प्रक्रिया विज्ञापन जारी करने, चयन समितियों के गठन, आवेदनों की जांच और मेरिट सूची तैयार करने के बाद पूरी की गई थी।

#### ऐसे तो नियमितीकरण का उद्देश्य समाप्त हो जाएगा

अदालत ने कहा कि यदि सरकार की दलील स्वीकार कर ली जाए तो नियमितीकरण नीति का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा, क्योंकि संविदा कर्मचारी स्वाभाविक रूप से नियमित भर्ती प्रक्रिया से बाहर ही नियुक्त होते हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं की नियुक्तियां "बैकडोर एंट्री" या गुप्त तरीके से नहीं हुई थीं, बल्कि सार्वजनिक प्रक्रिया के तहत योग्य उम्मीदवारों का चयन किया गया था। हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि सरकार स्वयं मान चुकी है कि स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी के कारण इन शिक्षकों को नियुक्त किया गया था और लगभग 20 वर्षों तक उनकी सेवाएं लगातार ली जाती रहीं। अदालत ने टिप्पणी की कि यदि इतने लंबे समय तक शिक्षकों की सेवाएं ली गईं तो उन्हें केवल "स्टॉप गैप अरेंजमेंट" बताना पूरी तरह आत्मा विरोधी और अनुचित है।

#### सरकार की दलील

राज्य सरकार ने अदालत में दलील दी कि याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति केवल अस्थायी व्यवस्था के तौर पर की गई थी और वे नियमित भर्ती प्रक्रिया के तहत नियुक्त नहीं हुए थे, इसलिए वे नियमितीकरण के पात्र नहीं हैं। हालांकि हाईकोर्ट ने इस तर्क को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यदि सरकार की दलील स्वीकार कर ली जाए तो नियमितीकरण नीति का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा, क्योंकि संविदा कर्मचारी स्वाभाविक रूप से नियमित भर्ती प्रक्रिया से बाहर ही नियुक्त होते हैं।

#### नीति की वैधता पर विवाद समाप्त हो चुका

कोर्ट ने अपने फैसले में शिक्षकों की भूमिका पर भी विस्तृत टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं तथा उन्हें मनमाने ढंग से "स्पेयर" की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने कहा कि लगातार 20 वर्षों तक संविदा पर कार्य लेने के बाद राज्य अब यह नहीं कह सकता कि ये केवल अस्थायी कर्मचारी थे। फैसले में सुप्रीम कोर्ट के "मदन सिंह बनाम हरियाणा राज्य" मामले का भी उल्लेख किया गया, जिसमें सर्वोच्च अदालत ने 2014 की नियमितीकरण नीतियों की वैधता को बरकरार रखा था। हाई कोर्ट ने कहा कि अब नीति की वैधता पर विवाद समाप्त हो चुका है और याचिकाकर्ता नीति की शर्तों को पर्याप्त रूप से पूरा करते हैं। अंततः हाई कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए हरियाणा सरकार को निर्देश दिया कि दो महीने के भीतर याचिकाकर्ताओं की सेवाओं को नियमित किया जाए और उन्हें सभी सेवा एवं रिटायरल लाभ प्रदान किए जाएं।







# युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाने के लिए चार जिलों में प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएंगे

## मुख्यमंत्री ने युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो चंडीगढ़




■ आईटीआई के कोर्स उद्योगों की जरूरतों के अनुसार अपडेट करने के निर्देश

हरियाणा सरकार युवाओं को विदेशों में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के चार जिलों में विशेष प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएंगे, जहां युवाओं को विदेशी कंपनियों और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने हरियाणा विजन-2047 के अंतर्गत युवा सशक्तीकरण एवं उद्यमिता विभाग की आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवाओं को आधुनिक तकनीक और उद्योगों की जरूरतों के अनुसार तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों के कोर्स अपडेट किए जाएं ताकि विद्यार्थियों को प्रशिक्षण पूरा होते ही रोजगार मिल सके। बैठक में डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर की प्रधान सचिव अमनीत पी कुमार ने बताया कि विदेश सहयोग विभाग के माध्यम से चार जिलों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। करनाल और पंचकूला में इसके लिए स्थान चिह्नित किए जा चुके हैं, जबकि दो अन्य जिलों का चयन किया जा रहा है। इन केंद्रों के माध्यम से युवाओं को विदेशों में रोजगार के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### कनाडा में 80 हजार ट्रक ड्राइवरों की जरूरत

उन्होंने बताया कि कनाडा में करीब 80 हजार ट्रक ड्राइवरों की आवश्यकता है। इस मांग को पूरा करने के लिए विभाग द्वारा अशोक लेलैंड के साथ बातचीत की जा रही है, ताकि युवाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर विदेशों में रोजगार उपलब्ध करवाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सभी आईटीआई की वर्कशॉप्स को आधुनिक बनाया जाएगा और उनमें आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री ने श्री अमृतेश्वर महोत्सव एवं भजन संध्या में की शिरकत



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराएं समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं। आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारे, सेवा और सकारात्मकता की भावना मजबूत होती है। मुख्यमंत्री मंगलवार देर सायं श्री अमृतेश्वर महोत्सव एवं भजन संध्या कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत-महात्माओं का आशीर्वाद समाज को सही दिशा प्रदान करता है और युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहन दे रही है।

## गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाएंगे

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए नई योजनाएं तैयार कर रही हैं। इसके लिए प्रदेश में कार्यरत सभी गिग वर्कर्स का विशेष अभियान चलाकर रजिस्ट्रेशन किया जाए और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह निर्देश बुधवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा विजन 2047 के अंतर्गत श्रम विभाग के अगले 5 वर्ष के रोडमैप व कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## खेल परिसरों में लगे उपकरणों की जांच के निर्देश

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में खेलों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सरकार एक नई पहल करने जा रही है। खेलों का पावर हाऊस बन चुके हरियाणा में अब खेलों में रुचि रखने वाले बच्चों की ग्राम स्तर पर पहचान की जाएगी और बच्चे की पसंद के खेल में उसे तैयार किया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा विजन 2047 के अंतर्गत खेल विभाग की कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी खेल परिसरों में लगे उपकरणों की समुचित जांच करवाई जाए ताकि किसी खिलाड़ी को दुर्घटना का शिकार न होना पड़े।

## खबर संक्षेप



### पंचकूला को आज मिलेगी शहर की 'छोटी सरकार'

**पंचकूला।** नगर निगम पंचकूला के नवनिर्वाचित महापौर शाम लाल बंसल और 20 पार्षद आज इंद्रधनुष सभागार में आयोजित भव्य समारोह में शपथ ग्रहण करेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। शाम लाल बंसल पंचकूला के तीसरे मेयर के रूप में शपथ लेंगे। इससे पहले उपिंद्र कौर आहलूवालिया एवं कुलभूषण गोयल मेयर पद संभाल चुके हैं। नगर निगम बनने से पहले पंचकूला में नगर परिषद व्यवस्था थी, जहां प्रधान पद होता था। वर्ष 2013 में नगर निगम के पहले चुनाव आयोजित किए गए थे।

### विस की वित्त व विषय समितियां बनेगी प्रभावी

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने विधान सभा की वित्तीय एवं विषय समितियों को और प्रभावी बनाने के लिए नई पहल की है। वे समितियों में शामिल सदस्यों को संसदीय कार्यप्रणाली की बारीकियों से अवगत करवाने तथा उन्हें शोध आधारित सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए विशेष सेंटर की स्थापना करने जा रहे हैं। सोमवार देर शाम सेक्टर 3 स्थित हरियाणा निवास में आयोजित समितियों के सभापतियों के साथ आयोजित एक बैठक में उन्होंने यह जानकारी दी। बैठक में समितियों को अधिक प्रभावी, परिणामोन्मुखी एवं जवाबदेह बनाने के लिए व्यापक चर्चा की गई। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

### पंचकूला के नालों का होगा ब्यूटीफिकेशन

**पंचकूला।** शहर से गुजरने वाले नालों का जल्द ही ब्यूटीफिकेशन किया जाएगा और उन्हें सुंदर झील के रूप में विकसित करने की योजना पर काम शुरू हो चुका है। यह जानकारी पंचकूला के मेयर शाम लाल बंसल ने सेक्टर-12 में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दी। इस अवसर पर वार्ड पार्षद अनुराधा पुरी ने उनका स्वागत किया। मेयरशाम लाल बंसल ने बताया कि इस विषय पर उनकी हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चर्चा हो चुकी है।

## एसआईआर को लेकर कांग्रेस अलर्ट, बीएलए ट्रेनिंग सेशन में कार्यकर्ताओं को दिए मूलमंत्र



■ पार्टी प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष सहित वरिष्ठ नेता मौजूद रहे

**चंडीगढ़।** प्रदेश कांग्रेस ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर संगठन स्तर पर सक्रियता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में गठित कार्रवाई एवं निगरानी समिति की महत्वपूर्ण बैठक के साथ-साथ सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों के बीएलए-1 कार्यकर्ताओं के लिए पांच घंटे का विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी के शीर्ष नेताओं ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर काम करने के मूलमंत्र दिए। बैठक में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह , पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस सह-प्रभारी जीतेंद्र बघेल और प्रफुल्ल गुडधे सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह जरूरी है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही तरीके से दर्ज हो और किसी भी मतदाता का नाम अनावश्यक रूप से न हटे। बैठक में जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक संगठनात्मक जिम्मेदारियां तय की गईं। कार्यकर्ताओं को प्रक्रिया पर नजर रखने के निर्देश दिए गए।

## शिकोहपुर भूमि मामले में ड्रोन सर्वे होगा

**चंडीगढ़।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नगर निगम मानेसर के गांव शिकोहपुर में अनुसूचित जाति के लोगों के लिए चिन्हित लगभग सात एकड़ भूमि का ड्रोन सर्वे करवाकर 15 जून तक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। यह भूमि खसरा नंबर 2345 में स्थित है, जिसे ग्राम पंचायत द्वारा अनुसूचित जाति कॉलोनी निर्माण हेतु चिन्हित किया गया था। राव नरबीर सिंह मुद्दे पर बुलाई गई शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उपायुक्त गुरुग्राम तथा आयुक्त नगर निगम मानेसर ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। उपायुक्त गुरुग्राम ने मंत्री को अवगत कराया कि वर्ष 1991 में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के कृषि विकास केंद्र से संबंधित यह भूमि अनुसूचित जाति के 13 लोगों को आवंटित की गई थी।

### विज का बिजली निगम के कॉल सेंटर पर छापा

## रोहतक और पंचकूला में सबसे ज्यादा बिजली की शिकायतें



**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने पंचकूला स्थित उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कॉल सेंटर पर औचक निरीक्षण कर अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मचा दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्था का जायजा लिया और कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली को खुद परखने के लिए अपने घर की बिजली बंद होने की शिकायत भी दर्ज कराई। मंत्री की जांच में रोहतक और पंचकूला में सबसे ज्यादा बिजली उपभोक्ता की शिकायतें मिली। मीडिया से बातचीत में मंत्री ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 1912 हेल्पलाइन शुरू की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत का पारदर्शी और तय समयसीमा में समाधान किया जाए।

### उपभोक्ताओं से सीधे फोन पर की बात

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई उपभोक्ताओं से सीधे फोन पर बात कर शिकायतों की स्थिति जानी। कुछ उपभोक्ताओं ने संतोष जताया, जबकि कुछ मामलों में देरी सामने आने पर अधिकारियों को तुरंत सुधार के निर्देश दिए गए। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि दिनभर में लगभग 2500 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से आधे मामलों का समाधान कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर कॉल सेंटर में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती भी की जाएगी।

## पदोन्नत हुए बिजली निगम के निदेशकों ने कार्यभार संभाला



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने तीन कंपियनों एचवीपीएनएल और डीएचबीवीएल यूचबीवीएनएल में पांच चीफ इंजीनियर डायरेक्टर (निदेशक) के पद पदोन्नति प्रदान की है। सभी ने बुधवार को पदोन्नति के साथ ही अपना कार्यभार संभाल लिया है। एक दिन पहले मंगलवार को तीन पदोन्नति निदेशकों राजीव कौशिक, रणदीप सिंह, वीके अग्रवाल ने हरियाणा सचिवालय पहुंचकर प्रदेश के मंत्री अनिल विज का आभार जताया। हरियाणा सरकार की आयुक्त और ऊर्जा सचिव चेयरमैन बिजली कंपनियों आशिमा बराड़, एमडी डा. आदित्य दहिया, विक्रम सिंह सभी ने पदोन्नत इंजीनियर्स को बधाई दी है।इन तीनों अफसरों के अलावा दो अन्य भी अब निदेशक बन गए हैं। इनमें एक मुकेश चौहान और दूसरे रजनीश गर्ग का नाम है। मंत्री विज ने सभी को कामकाज को सराहना की।

## स्वास्थ्य मंत्री ने पीजीआई की सोटो व अंगदान टीम को किया सम्मानित



**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान और आयुष मंत्री डॉ. आरती सिंह राव ने बुधवार को चंडीगढ़ में पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पीजीआईएमएस रोहतक के चिकित्सा अधीक्षक, सोटो हरियाणा और अंग प्रत्यारोपण टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, सोटो हरियाणा की पूरी टीम और ट्रांसप्लांट सर्जनों को सराहा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने डॉ आरती सिंह राव ने डॉ. कुंदन मित्तल, चिकित्सा अधीक्षक,डॉ. सुखबीर सिंह, नोडल अधिकारी, सोटो,ट्रॉमा आईसीयू इंचार्ज डॉ. तरुण यादव ,डॉ. अंकुर गोयल, नेफ्रोलॉजिस्ट सर्जन डॉ. विवेक सिंह ठाकुर ,डॉ. गौरव पांडेय, दीप्ति खरब ,ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर व अन्य को सम्मानित किया।

## प्रदेश के चार आईएएस देश के 100 टॉप अफसरों में शामिल

■ अजय कुमार, आयुष कुमार, नेहा सिंह और सतपाल शर्मा ने फेम इंडिया व एशिया पोस्ट के सर्वे में जगह बनाई

**चंडीगढ़।** फेम इंडिया और एशिया पोस्ट के सर्वे में देश के शीर्ष-100 जिलाधिकारियों में हरियाणा के चार आईएएस अधिकारियों को जगह मिली है। इनमें गुरुग्राम के उपायुक्त रह चुके अजय कुमार, फरीदाबाद के उपायुक्त आयुष सिन्हा, सोनीपत की उपायुक्त नेहा सिंह और पंचकूला के उपायुक्त सतपाल शर्मा शामिल हैं। हरियाणा काडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों में शामिल अजय कुमार का गुरुग्राम में प्रशासनिक समन्वय, शहरी विकास और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने पर विशेष फोकस रहा है। फरीदाबाद के उपायुक्त आयुष सिन्हा ने प्रशासनिक सुधार, शहरी प्रबंधन और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने में विशेष पहचान बनाई है। सोनीपत की उपायुक्त नेहा सिंह शिक्षा, प्रशासनिक पारदर्शिता और जनसुनवाई को लेकर विशेष कार्यशैली के चलते चर्चाओं में रही हैं। इसी तरह पंचकूला के उपायुक्त सतपाल शर्मा प्रशासनिक सख्ती, कानून व्यवस्था और पारदर्शी व्यवस्था के लिए जाने जाते हैं।

# ट्रांसफार्मरों के नीचे अब नहीं चलेगा कारोबार

## ऊर्जा मंत्री ने एसीएस होम, ऊर्जा, शहरी निकाय व अन्य विभागों को पत्र लिखा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़



प्रदेश के शहरों और कस्बों में अब बिजली ट्रांसफार्मरों और खंभों के नीचे दुकानें, रेहड़ियां और खोखे नहीं चल सकेंगे। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इसे गंभीर सुरक्षा खतरा बताते हुए हरियाणा गृह विभाग, ऊर्जा विभाग, शहरी निकाय विभाग और पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा कि बिजली खंभों और ट्रांसफार्मरों के नीचे किए गए अवैध कब्जे जानलेवा साबित हो सकते हैं। इस संबंध में लगातार लोगों द्वारा शिकायतें भेजी जा रही थीं, जिसके बाद संबंधित विभागों को ऐसे स्थानों को चिन्हित कर तत्काल अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार कई शहरों में ट्रांसफार्मरों और हाई वोल्टेज बिजली पोल के नीचे चाय, पान, सब्जी, चाट और अन्य अस्थायी दुकानें धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। नियमों के अनुसार बिजली ढांचे के आसपास तय सुरक्षा दायरे में किसी भी प्रकार की गतिविधि प्रतिबंधित है, लेकिन इसके बावजूद अवैध कब्जे लगातार बढ़ रहे हैं। ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट किया कि निर्देशों की अनदेखी होने पर संबंधित अधिकारी भी जिम्मेदार माने जाएंगे। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में बिजली पोल और ट्रांसफार्मरों में करंट उतरने तथा शॉर्ट सर्किट या ब्लास्ट होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। कुरुक्षेत्र और फरीदाबाद सहित कई क्षेत्रों में हादसे हो चुके है।

### संबंधित लोगों के खिलाफ केस दर्ज होगा : विज

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि बिना नोटिस के भी अवैध कब्जे हटाए जाएं और जरूरत पड़ने पर संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि जिम्मेदारी एक-दूसरे पर न डाली जा सके।





9 एफआईएच प्रो लीग में हरमनप्रीत की वापसी



## आत्मनिर्भर भारत को नई ताकत, 2035 तक तैयार होगा जेट

# टाटा, भारत फोर्ज और एलएंडटी मिलकर बनाएंगी स्वदेशी 'सुपर फाइटर जेट'

*इस बार सरकार पारंपरिक तौर पर एएएल पर निर्भर रहने के बजाय निजी कंपनियों को मौका दे रही है। एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) ने बोली आमंत्रित की है, जिसमें चुनी गई कंपनी को पूरे विमान के निर्माण की जिम्मेदारी दी जाएगी।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने देश के महत्वाकांक्षी स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) प्रोजेक्ट के लिए बड़ा कदम उठाते हुए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी कर दिया। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक यह मेगा प्रोजेक्ट देश की सैन्य ताकत और आत्मनिर्भर रक्षा निर्माण क्षमता को नई ऊंचाई देने वाला है। रक्षा मंत्रालय ने यह आरएफपी 3 शॉर्टलिस्टेड बोलीदाताओं को भेजा है। इनमें लार्सन एंड टुब्रो-भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और भारत फोर्ज-बीईएमएल शामिल हैं। इस कदम को रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की बढ़ती भूमिका और सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### वायुसेना की ताकत बनेगा विमान

इस प्रोजेक्ट में सरकारी और प्राइवेट दोनों तरह की कंपनियों को बराबरी का मौका दिया जा रहा है। इस भारतीय वायुसेना के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण मिशन माना जा रहा है। साल 2035 के बाद यह विमान भारतीय वायुसेना की सबसे बड़ी ताकत बनेगा।



### रडार आसानी से नहीं पकड़ पाएंगे

इस दो इंजन वाले विमान की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि यह एक स्टेल्थ फाइटर जेट होगा, यानी इसे दुश्मनों के रडार आसानी से नहीं पकड़ पाएंगे। इसमें हथियार विमान के अंदर ही छिपे होंगे। यह फाइटर जेट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और एडवांस सेंसर जैसी आधुनिक तकनीकों से लैस होगा।

**16,000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट की रखी नींव**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने 15 मई को आंध्र प्रदेश के 'श्री सत्य साईं' जिले में इस एएमसीए विमान से जुड़े 16,000 करोड़ रुपये के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट की नींव रखी थी। रक्षा मंत्री ने इसे देश की सुरक्षा के इतिहास में एक ऐतिहासिक शुरुआत बताया और कहा कि इससे आंध्र प्रदेश का भाग्य बदलेगा। उन्होंने कुरनूल में आठ कंपनियों की मदद से ड्रोन सिटी बनाने का भी ऐलान किया।






# नीट मामले में सीबीआई ने दो आरोपी और पकड़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बुधवार को दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। पहले आरोपी की पहचान डॉक्टर मनोज शिरूरे के रूप में हुई है। वह लातूर के रहने वाले हैं। डॉ. मनोज ने एक कोचिंग सेंटर के मालिक (जो खुद भी आरोपी है) के बेटे समेत तीन छात्रों को आरोपी पीवी कुलकर्णी से केमिस्ट्री के क्वेश्चन पेपर दिलाए थे। वहीं पकड़ा गया दूसरा आरोपी तेजस हर्षदकुमार शाह है। वह पुणे स्थित एक कोचिंग सेंटर डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल एकेडमी (एपीएमए) में फिजिक्स पढ़ाता है। उसे नीट परीक्षा के लीक हुए फिजिक्स के क्वेश्चन गिरफ्तार



आरोपी मनीषा हवलदार से मिले थे। इस मामले में पूरी कड़ी और साजिश का पता लगाने के लिए जांच जारी है। सीबीआई ने अब तक अलग-अलग जगहों पर 49 स्थानों पर तलाशी ली और कई अहम दस्तावेज, लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त किए। इस मामले में अब तक कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### 5 राज्यों में बिका नीट पेपर

सीबीआई जांच में खुलासा हुआ कि नीट का पेपर 5 राज्यों में बिका था। सबसे ज्यादा बिक्री महाराष्ट्र में हुई। दूसरा नंबर राजस्थान का है। सीबीआई का कहना है कि बाद पेपर लीक का मामला और बड़ा निकल सकता है। एजेंसी अभी यह तय नहीं कर पा रही कि कितने छात्रों ने पेपर खरीदा था। सीबीआई को महाराष्ट्र और राजस्थान में पेपर के प्रिंट निकालकर बेचने के सबूत मिले हैं।

### सीबीआई पैसे देने वालों की लिस्ट बना रही

जांच एजेंसी अब उन सभी पेरेंट्स की लिस्ट तैयार कर रही है, जिनके बैंक खातों से शिवराज मोटेगांवकर, पी.वी. कुलकर्णी या उनकी सहयोगी मनीषा वाघमारे (पुणे) के खातों में पैसे ट्रांसफर हुए थे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के अलावा बाहर के कुछ किरदार अभी शक के दायरे में हैं। सीबीआई जल्द ही दूसरे राज्यों में छापेमारी करेगी।

## खबर संक्षेप

### बायजूस के फाउंडर रविंद्रन को 6 माह जेल

**नई दिल्ली।** देश की पहली बड़ी एजुकेशन टेक कंपनी 'बायजूस' के मालिक बायजू रविंद्रन को सिंगापुर की एक अदालत ने 6 महीने की



जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने पाया कि रविंद्रन ने अपनी प्रॉपर्टी से जुड़े जरूरी कागजात छिपाए और अदालत के आदेशों को नहीं माना, जिसे 'कोर्ट की अवमानना' माना गया है। सिंगापुर कोर्ट के मुताबिक, रविंद्रन अप्रैल 2024 से लगातार अपनी संपत्तियों से जुड़ी जानकारी देने के आदेशों को नजरअंदाज कर रहे थे। जब उन्होंने बार-बार अदालत की बात नहीं मानी, तो कोर्ट ने उन्हें दोषी करार दिया। *एजेंसी*

### टीएमसी सांसद काकोली घोष का इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने पार्टी के सभी संगठनात्मक पदों से इस्तीफा



दे दिया है। बारासात से सांसद घोष ने बुधवार को तृणमूल अध्यक्ष सुब्रता बख्शी को लिखे पत्र में कहा कि वह गहरे मानसिक संघर्ष और लंबे चिंतन के बाद पद छोड़ रही हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वे आम कार्यकर्ता की तरह पार्टी से जुड़ी रहेंगी। काकोली सोमवार को कल्याणी में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में शामिल हुई थीं। *एजेंसी*

### केंद्रीय कर्मियों की सैलरी में बढ़ोतरी का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** 8वें वेतन आयोग के गठन की चर्चाओं के बीच केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी में भारी बढ़ोतरी को लेकर




एक नया फॉर्मूला सामने आया है। इंडियन रेलवे टेक्निकल सुपरवाइजर्स एसोसिएशन ने एक प्रस्ताव रखा है, जिससे कर्मचारियों की सैलरी में 400% तक का बंपर हाइक मिल सकता है। आमतौर पर सभी कर्मचारियों के लिए एक समान फिटमेंट फैक्टर तय किया जाता है। इसके विपरीत, एसोसिएशन ने इस बार सभी के लिए एक ही फिटमेंट फैक्टर रखने के बजाय, अलग-अलग पदों और पे-लेवल के हिसाब से पांच अलग-अलग फिटमेंट फैक्टर का फॉर्मूला सुझाया है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई

# एसआईआर वैध, आयोग को नागरिकता जांचने का पूरा अधिकार : सुप्रीम कोर्ट

**यह निष्पक्ष चुनाव के दायित्व में 'जान फूंकती' है**

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को निर्वाचन आयोग को बड़ी राहत देते हुए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के उसके अधिकार को बरकरार रखते हुए कहा कि यह प्रक्रिया निष्पक्ष चुनावों के संवैधानिक दायित्व में जान फूंकती है। इस बेहद चर्चित मुद्दे पर अपने फैसले में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह भी कहा कि एसआईआर प्रक्रिया ''स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की संवैधानिक अनिवार्यता को आगे बढ़ाती है।'' पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) की धारा 21(3) के तहत विशेष पुनरीक्षण करने का अधिकार प्राप्त है। बिहार में एसआईआर को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं का निपटारा करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाना इस बात की कानूनी घोषणा नहीं है कि कोई व्यक्ति नागरिक नहीं है। उच्चतम न्यायालय के इस फैसले पर राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं।

### गैर-नागरिक घोषित करने का अधिकार नहीं

#### यह फैसला सिर्फ चुनावी उद्देश्यों तक सीमित

चुनाव आयोग वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने या हटाने के लिए नागरिकता की जांच कर सकता है, लेकिन यह फैसला सिर्फ चुनावी उद्देश्यों तक सीमित रहेगा। किसी व्यक्ति को अंतिम रूप से गैर-नागरिक घोषित करने का अधिकार आयोग के पास नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि संदिग्ध नागरिकता के आधार पर जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं।



#### बिहार से शुरू हुई प्रक्रिया

जून 2025 में बिहार से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया अब तक 10 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में पूरी हो चुकी है। इस दौरान 7.41 करोड़ वोटर्स के नाम हटाए गए, जिनमें सबसे ज्यादा 2.89 करोड़ नाम उत्तर प्रदेश से कटे। बिहार के बाद पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में भी एसआईआर कराया गया, जबकि असम में स्पेशल रिवीजन (एसआर) हुआ। बिहार एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं से ही मामला सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था।

**विपक्ष का आरोप: लोगों से वोटिंग का अधिकार छीना जा रहा**

विपक्षी का आरोप है कि इस प्रक्रिया से लोगों को वोटिंग के अधिकार से वंचित करने की साजिश हो रही है। विपक्ष का कहना है कि 2003 से आज तक करीब 22 साल में बिहार में कम से कम 5 चुनाव हो चुके हैं, तो क्या वे सारे चुनाव गलत थे। अगर चुनाव आयोग को एसआईआर करना था तो इसकी घोषणा जून के अंत में क्यों की गई। इसका निर्णय कैसे और क्यों लिया गया। अगर मान भी लिया जाए कि एसआईआर की जरूरत है तो इसे बिहार चुनाव के बाद आराम से किया जा सकता था। इतनी हड़बड़ी में इसे करने का फैसला क्यों लिया गया।

# चेयरमैन-वाइस चेयरमैन को ग्रुप-ए जैसी सुविधाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

- नई पॉलिसी के तहत प्रदेश सरकार ने किए कई अहम बदलाव
- 75 हजार सैलरी, गाड़ी और स्टाफ मिलेगा

हरियाणा सरकार ने गैर-सरकारी चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और



सदस्यों के लिए पहली बार एक जैसी सर्विस शर्तें तय कर दी हैं। नई पॉलिसी के तहत चेयरमैन को हर महीने 75 हजार रुपये तक मानदेय, 50 हजार रुपये तक मकान किराया भत्ता, सरकारी गाड़ी-ड्राइवर और स्टाफ की सुविधा मिल सकेगी। वहीं, वाइस चेयरमैन को 45 हजार रुपये तक मानदेय और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। नियमित जिम्मेदारी निभाने वाले सदस्यों को 30 हजार रुपये तक मानदेय मिलेगा। सरकार ने टेलीफोन, मोबाइल, यात्रा भत्ता, मेडिकल सुविधा और स्टाफ कार तक के नियम भी तय कर दिए हैं। खास बात यह है कि अब इन पदों पर बैठे लोगों को ग्रुप-ए अधिकारियों जैसी कई सुविधाएं मिलेंगी। सरकार के इस कदम से अलग-अलग बोर्ड, निगम और समितियों में नियुक्त होने वाले पदाधिकारियों को मिलने वाली सुविधाओं और सैलरी को लेकर भ्रम खत्म होगा।

### अब तक एक समान वेतन-भत्ते तय नहीं थे

नई पॉलिसी से पहले अलग-अलग बोर्डों और निगमों के गैर-सरकारी चेयरमैन और वाइस चेयरमैन के लिए कोई फिक्स्ड या एक समान वेतन-भत्ते तय नहीं थे। इनकी नियुक्ति, वेतन और सुविधाएं संबंधित विभागों और समितियों के अपने नियमों के अनुसार अलग-अलग और असंगत थीं, जिसको सरकार ने अब एक समान कर दिया है।

## गुजरात के कच्छ से 1180 करोड़ की कोकीन जब्त

**कच्छ।** गुजरात में कच्छ से 1180 करोड़ रुपये कीमत की 118 किलो कोकीन जब्त की गई है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। अरेस्ट किए गए तीनों ही आरोपी विदेशी हैं। गुजरात डीजीपी डॉ. केएलएन राव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस मुंद्रा पोर्ट पर एक संयुक्त ऑपरेशन चला रही थीं। इसी के तहत मंगलवार की सुबह भारतीय समुद्री सीमा से एक कंटेनर जहाज पकड़ा गया। जहाज ब्राजील, कई लैटिन अमेरिकी देशों, मेक्सिको, अमेरिका और कराची होते हुए गुजरात के तट तक पहुंचा था।

**ब्राजील से आई खेप दिल्ली भेजने की तैयारी**
**■**
**तीन विदेशी गिरफ्तार, एक फरार**

## एअर इंडिया सप्ताह में करीब 800 घरेलू फ्लाइट्स घटाएगी

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की एयरलाइन एअर इंडिया हर हफ्ते करीब 800 घरेलू उड़ानों में कटौती कर रही है। यह बदलाव जून से अगस्त 2026 के बीच रहेगा। कंपनी ने यह फैसला जेट फ्यूल की बढ़ती कीमतों के कारण लिया है। वहीं एक न्यूज रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इंडिगो भी अपनी घरेलू उड़ानों में 5% से 7% की कटौती कर सकती है। एअर इंडिया वर्तमान में हर हफ्ते करीब 4400 उड़ानें ऑपरेट कर रही है। इनमें करीब 3600 घरेलू और 800 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं। कंपनी ने 22% तक घरेलू फ्लाइट्स में कटौती का ऐलान किया है।

**इंडिगो भी 7% उड़ानें कम करेगी**
**■**
**महंगा फ्यूल और ऑपरेशन कीमतें बढ़ने का असर**

## इबोला : अहमदाबाद आए 11 लोग आइसोलेशन में

**बेंगलुरु।** अफ्रीकी देशों में इबोला वायरस फैलने के चलते युगांडा, दक्षिण सूडान और कांगो से अहमदाबाद आए 11 मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। अहमदाबाद कॉर्पोरेशन के अधिकारी डॉ. भाविन सोलंकी ने बताया कि प्राथमिक जांच में इनमें से कोई भी संदिग्ध नहीं पाया गया है। लेकिन, एहितायन यह कदम उठाया है। वहीं, भारत सरकार ने बुधवार को बताया कि देश में इबोला वायरस से जुड़ा एक भी मामला नहीं है। सरकार को यह स्पष्टीकरण इसलिए देना पड़ा क्योंकि युगांडा से भारत आई एक महिला में इबोला जैसे लक्षण देखे गए थे।

**सरकार बोली भारत में इबोला का केस नहीं**
**■**
**युगांडा से लौटी महिला की रिपोर्ट नेगेटिव**

## ड्राफ्ट तैयार, दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े

# ईरान समझौता चाहता है, हम खुश नहीं : ट्रंप

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चर्म पर है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान हमसे समझौता करना चाहता है, लेकिन हम संतुष्ट नहीं हैं। अगर समझौता नहीं हुआ तो हमें काम पूरा करना होगा। हम ताकत के दम पर होर्मुज खोल देंगे। वहीं, रॉयटर्स के मुताबिक ईरान के सरकारी टीवी ने एक शुरुआती और अनौपचारिक दस्तावेज मिलने का दावा किया है, जिसमें अमेरिका-ईरान समझौते का ढांचा तैयार किया गया है। ड्राफ्ट के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास से अपनी सैन्य मौजूदगी हटाएगा और नौसैनिक घेराबंदी खत्म करेगा। इसके बदले ईरान 30 दिनों के भीतर होर्मुज स्ट्रेट को खोलेगा।



**ट्रंप ने होमुर्ज खोलने की धमकी दी**

## केरलम के पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

# विजयन के घर छापा मारने गई ईडी टीम पर हमला

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरलम के पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के समर्थकों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमला किया। ईडी की 12 सदस्यीय टीम बुधवार सुबह 7 बजे तिरुवनंतपुरम के बेकरी जंक्शन स्थित विजयन के घर समेत 10 ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापा मारने पहुंची थी। यह विजयन का किराए वाला घर है। रेड के दौरान विजयन और उनका परिवार घर में मौजूद था। जैसे ही यह खबर फैली तो विजयन के समर्थक उनके घर के बाहर जुटने लगे। दोपहर करीब 2 बजे टीम बाहर निकली तो सीपीआई कार्यकर्ताओं ने घेर लिया। भीड़ ने गाड़ियों पर पत्थर और बोतलें फेंकी। कारों के शीशे तोड़ दिए गए और लाठी से भी हमला किया।

### 4 शहरों में 10 ठिकानों पर छापा

**तिरुवनंतपुरम:** बेकरी जंक्शन स्थित पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के किराए के घर पर रेड। यहां उनकी बेटी वीणा विजयन भी रहती हैं।
**कन्नूर:** पिनाराई विजयन का पुश्तैनी घर पर।
**कोझिकोड:** विजयन के दामाद और माकपा विधायक पी.ए. मोहम्मद रियास के घर पर छापा।
**अलुवा:** सीएमआरएल कंपनी के कॉर्पोरेट ऑफिस और कंपनी के एमडी शशिधरन कार्था के घर भी छापा।

## हरियाणा में 50 साल के बाद भी आईवीएफ से मां बन सकेंगी महिलाएं

# महिला स्वस्थ तो मां बनने का पूरा अधिकार : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** हरियाणा में बढ़ती उम्र में मां बनने की चाह रखने वाली महिलाओं के लिए पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा- अब 50 साल से अधिक उम्र की महिलाएं भी आईवीएफ तकनीक के जरिए मां बन सकती है। जस्टिस जगमोहन बंसल ने फैसले में कहा कि अगर महिला का स्वास्थ्य ठीक है तो उसे मां बनने का पूरा अधिकार है। मां बनना कभी अनैतिक नहीं हो सकता। उम्र के आधार पर इस पर प्रतिबंध लगाना गलत है। हिसार की एक महिला ने 51 साल की उम्र में दूसरी बार मां बनने की इच्छा जताई थी, लेकिन आईवीएफ नियमों के तहत 50 साल पार कर चुकी महिला को आईवीएफ तकनीक के जरिए मां नहीं बन सकती। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा।

### हिसार की महिला को मिली अनुमति




हिसार की एक महिला ने 2022 में एक आईवीएफ सेंटर से संपर्क किया था। इसके बाद उनका इलाज शुरू हुआ। प्रेग्नेंसी के दौरान जांच में पता चला कि महिला की कोख में 2 बच्चे हैं। हालांकि एक भ्रूण सुरक्षित नहीं रह सका। इसके बाद सितंबर 2023 में महिला ने एक बेटी को जन्म दिया। बेटी के जन्म के बाद महिला ने फिर आईवीएफ सेंटर से संपर्क किया। मगर डॉक्टरों ने इस बार उनकी उम्र की हवाला देकर आईवीएफ तकनीक के लिए मना कर दिया। इस समय महिला की उम्र 51 साल हो चुकी थी। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया।

**कोर्ट में दलीलें और फैसला**

महिला ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की। उनके वकील ने अदालत को बताया कि 51 साल की होने के बावजूद महिला का स्वास्थ्य पूरी तरह ठीक है। उन्हें कोई फिजिकल प्रॉब्लम नहीं है। उन्होंने कोर्ट के एक पुराने फैसले (सरबजीत कौर बनाम पंजाब राज्य) का हवाला देते हुए राहत की मांग की।

### कोर्ट ने उपचार शुरू करने की अनुमति दी

महिला की दलील सुनने के बाद जस्टिस जगमोहन बंसल की एकल पीठ ने याचिका स्वीकार करते हुए फर्टिलिटी सेंटर को इलाज की अनुमति दे दी। कोर्ट ने आदेश दिया कि दंपति संबंधित अथॉरिटी को इस संबंध में एक शपथ पत्र भी जमा कराए। हरियाणा में सीमा पर शहादत देने वाले कई जवानों के माता-पिता ढलती उम्र में अकेले रह जाते हैं। इस फैसले से ऐसे परिवारों और किसी हादसे में अपने इकलौते बच्चे को खो चुके माता-पिता को बड़ी राहत मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो भाइयों की मौत

**हिसार।** हिसार-जयपुर हाईवे पर जिले के गांव पनिहार चक के चौक पर हुए हादसे में बाइक सवार दो भाइयों की मौत हो गई। दोनों भाई अपने गांव नलवा से बाइक पर रावलवास कलां में शोक जताने जा रहे थे। मृतकों की पहचान नलवा निवासी 68 वर्षीय राजपाल व 56 वर्षीय जिले सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि हैरियर कार की टक्कर से यह हादसा हुआ। परिजनों का आरोप है कि उक्त कार को एक युवती स्पीड में चला रही थी, जिस कारण टक्कर लगने के बाद बाइक सड़क के दूसरी तरफ जा गिरी।

### फरीदाबाद में करंट से लाइनमैन की जान गई

**फरीदाबाद।** जिले के गांव जाजरू में ट्रांसफार्मर बदलने के दौरान एक लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। लाइनमैन 11 हजार वोल्टेज की लाइन पर चढ़कर काम कर रहा था। वह करीब 6 साल पहले बिजली विभाग मे लाइनमैन के तौर पर कार्य कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर 58 थाना पुलिस के अनुसार मृतक युवक सोनू (32) पलवल के गांव जनोली का रहने वाला था। पूर्व में जिलास्तरीय कबड्डी खिलाड़ी रहा है, बिजली विभाग में वह एचकेआरएन के तहत लाइनमैन के तौर पर कार्यरत था। सोनू वर्तमान में सेक्टर 58 में बिजली बोर्ड की डिविजन में काम कर रहा था। सोनू शादीशुदा था और उसका 8 साल के बेटा और एक बेटी है। परिजनों ने इस हादसा न मानकर साजिश का आरोप लगाया है।

### एटीएम तोड़ने के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**पलवल।** पुलिस ने बैंक ऑफ बड़ौदा की हथीन शाखा में एटीएम बूथ का शटर उखाड़कर चोरी का प्रयास करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ममोलाका गांव निवासी मोसिम के रूप में हुई है। मोसिम के खिलाफ एटीएम चोरी और अवैध हथियार रखने के आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा हथीन के मैनेजर संजीव कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 23 मई की रात करीब 2:55 बजे दो अज्ञात चोरों ने एटीएम मशीन के मुख्य दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान बैंक का अलार्म सिस्टम बज उठा तो आरोपी भाग गए।

### पुलिस को कैमरे में देखकर आरोपियों ने बंद किए घर के दरवाजे

# 3 गेट काट 2 हत्यारोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

पुलिस ने गांव मालकोष निवासी मंजीत की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या के मामले में दो आरोपियों को बेहद फिल्मी अंदाज में गिरफ्तार किया है। पुलिस को सीसीटीवी में आता देखकर आरोपियों ने घर के लोहे के गेट बंद कर लिए थे। दो घंटे इंतजार के बाद भी जब गेट नहीं खुले तो पुलिस ने कटर मंगवाकर एक के बाद एक तीन गेट काट दिए और पड़ोस की दुकान में छिपे दोनों आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों की पहचान दादरी निवासी ययाति व मौड़ी गांव निवासी अनुज उर्फ हनुमान रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे शहर थाना प्रभारी चंद्रशेखर व बस स्टैंड चौकी प्रभारी एएसआई विनोद अपनी टीम के साथ ययाति जाखड़ के मकान पर पहुंचे। मकान के बाहर लगे सीसीटीवी को देखकर आरोपितों ने घर में लगे तीन गेट बंद कर लिए और पुलिस के बार-बार कहने पर भी नहीं खोले। करीब साढ़े 12 बजे तक इंतजार करने के बाद पुलिस टीम ने कटर मंगवाकर मकान में लगा लोहे का पहला गेट काट दिया। गेट कटता देख आरोपित सीढ़ियों में लगा लोहे का गेट बंद कर छत पर चढ़ गए। पुलिस ने यह गेट भी कटर से काट दिया और छत पर पहुंच गई। उस दौरान आरोपित वहां नहीं मिले। इसके बाद मकान के साथ लगती दुकान का गेट चेक किया गया तो अंदर से बंद मिला। पुलिस ने तीसरे गेट को काटा और दुकान में पहुंच गई। वहां दोनों आरोपित छिपे मिले, जिन्हें दबोच लिया गया। इस दौरान पास में काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए।



**दो एकड़ जमीन विवाद में व्यक्ति की हत्या का आरोप**

दो घंटे इंतजार के बाद पुलिस ने पहले घर के मेन गेट को तोड़ा तो आरोपी सीढ़ियों का गेट बंद कर छत पर चले गए। पुलिस ने यह गेट भी काट दिया। फिर आरोपी मकान के साथ बनी दुकान में छिप गए तो वह गेट भी काटा

#### मानसिक दिव्यांग के साथ की थी धोखाधड़ी

जानकारी के अनुसार, गांव मालकोष निवासी राकेश पुत्र धर्मबीर ने थाना शहर दादरी में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पिता मानसिक रूप से कमजोर हैं तथा वर्ष 2025 में कुछ व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से धोखाधड़ी कर लगभग 2 एकड़ जमीन अपने नाम करवा ली गई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था और कई बार आरोपियों द्वारा उन्हें धमकाया गया कि जमीन खाली नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। 17 मई को मंजीत की हत्या में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार ने बताया कि मामले की हर पहलू से गहनता से जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### फिरौती केस में व्यापारी को डराना पड़ा महंगा

## व्यापारी को धमकाने वाले दो बदमाशों की कराई पैदल परेड



जींद। नरवाना में आरोपियों को मौके पर ले जाकर निशानदेही करवाती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

व्यापारी को असलहा दिखाकर धमकी देने के दो आरोपितों को बुधवार दोपहर को बाजार में शिनाख्त के लिए पुलिस पैदल ही व्यापारी की दुकान पर ले गई। पुलिस ने दोनों आरोपितो से निशानदेही भी करवाई। जबकि मुख्य आरोपित टांग मे फ्रैकचर होने के चलते नागरिक अस्पताल नरवाना में उपचाराधीन है। नरवाना के व्यापारी सौरभ से पिछले वर्ष फिरौती मांगी गई थी। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया था, जिसमें नरवाना निवासी नसीब भी शामिल था। गत 25 मई को तीन बदमाश सौरभ के पास पहुंचे और पिस्तौल दिखाते हुए समझौता करने का दबाव डाला। बीती देर शाम सीआईए नरवाना ने तीनों को काबू कर लिया था। धरपकड़ के दौरान मुख्यआरोपित की गिरने के कारण टांग मे फ्रैक्चर हो गया था। जिसकी पहचान नरवाना निवासी हर्षित के रूप में हुई। जबकि उसके साथियो की पहचान गांव कोयल निवासी अंकुश तथा अभिषेक के रूप मे हुई थी। बुधवार दोपहर को सीआईए नरवाना प्रभारी सुखदेव सिंह के नेतृत्व में पुलिस आरोपित अंकुश तथा अभिषेक को शहर थाने से पुराना बाजार तक पैदल दुकान पर ले गई। दोनों की बालों की कटिंग भी अजीब तरह की कराई गई थी।

### सब्जी विक्रेता ने पिता के सामने ही नहर में छलांग लगा दी जान



**करनाल।** पैसों के लेनदेन और आढ़तियों के कथित मानसिक उत्पीड़न से तंग आकर शिव कॉलोनी निवासी एक 40 वर्षीय सब्जी विक्रेता रोशनलाल ने नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता ने सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के अनुसार, रोशनलाल मंडी से सब्जी लेने निकला था। कुछ समय बाद उसने अपने पिता देशराज को फोन किया और रोते हुए अपनी लोकेशन बताई। जब पिता नहर पर पहुंचे तो उनको देखते ही उसने नहर में छलांग लगा दी। बेटे को डूबता देख पिता ने भी बिना परवाह किए नहर में छलांग लगा दी और उसे बाहर निकाला गया। लेकिन अस्पताल में ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता देशराज ने आरोप लगाया कि पहले आढ़ती करीब 1 लाख रुपये का बकाया बता रहे थे, लेकिन रोशनलाल की मौत की खबर सुनते ही उन्होंने रकम घटाकर महज 11 हजार रुपये कर दी।

## गैस कटर से एटीएम को काट चोरी किए 3.94 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

ईशरवाल स्थित बैंक ऑफ बडोदा की ब्रांच की एटीएम मशीन गैस कटर से काटकर 3 लाख 94 हजार रुपये चोरी कर लिए। बैंक के अधिकारी राकेश कुमार ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

बैंक अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि वे मंगलवार सायं करीब 5 बजे ब्रांच बंद करके गए थे। बुधवार सुबह करीबन साढ़े 9 बजे आकर देखा तो एटीएम का आधा शटर खुला हुआ था। इस पर उनको शक हुआ। उन्होंने शटर को उठाकर देखा तो एटीएम को काट रखा था। उन्होंने चेक किया तो एटीएम मशीन से नगदी भी गायब मिली। बैंक प्रबंधक राकेश कुमार ने इसकी सूचना अपने बैंक के मुख्यालय व पुलिस को दी। सूचना के बाद मुख्यालय से ईसीएम व एचआर विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने मौके का मुआयना किया व बैंक की सीसीटीवी फुटेज खंगाली। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके का मुआयना किया।

#### एटीएम में लगा कैमरा चोरों ने तोड़ डाला




बैंक के एक कर्मचारी ने बताया कि एटीएम में लगा कैमरा चोरों ने तोड़ दिया। जिसके बाद वे मशीन को गैस कटर से काटकर नगदी ले उड़े। बैंक प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि उनके ब्रांच की फुटेज के अनुसार घटना सुबह 2 बजकर 41 मिनट की है। इस फुटेज में 2 युवक एटीएम के अंदर नजर आ रहे हैं। वहीं 2-3 गाड़ी में बैठे नजर आ रहे हैं। इस बारे में थाना प्रभारी विशेष ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। इस घटना के लिए थाना तोशाम व स्पेशल स्टाफ ईशरवाल की दोनों टीमें लगी हुई हैं।

### करनाल में बेखौफ बदमाश, सरेआम परिवार पर जानलेवा हमला

# 10 रुपये के विवाद में सब्जी विक्रेता की डंडे और ईंटे मारकर की हत्या

- करनाल के बूढ़ाखेड़ा गांव में बचाने आई बेटियों और मां के साथ भी आरोपियों ने की मारपीट
- चार बेटियों के सिर से उठा पिता का साया, दो पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

गांव बूढ़ाखेड़ा में मंगलवार रात एक बेहद दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां महज 10 रुपये के मामूली लेनदेन के विवाद में दो युवकों ने एक सब्जी विक्रेता की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान बूढ़ाखेड़ा निवासी संजय सैनी (44) के रूप में हुई है, जो मुख्य सड़क पर नाले के पास सब्जी और फल की दुकान चलाते थे। वारदात के समय मौके पर मौजूद मृतक की बेटियों और पत्नी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की और मौके से फरार हो गए।

#### सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही पुलिस



मृतक संजय।

मामले की जानकारी देते हुए सेक्टर 32-33 थाने के एसएचओ सतीश कुमार ने बताया कि बेटी की शिकायत के आधार पर 2 अज्ञात युवकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। पुलिस घटनास्थल के आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, बेटी ने कहा है कि वह सामने आने पर आरोपियों को पहचान लेगी।

पुलिस को दी गई शिकायत में मृतक संजय सैनी की बेटी शिवानी ने बताया कि 26 मई की रात करीब 9:30 बजे वह अपनी तीन बहनों और मां के साथ दुकान पर मौजूद थी। इसी दौरान दो अज्ञात युवक दुकान पर आए और करीब 210 रुपये के फल व सब्जी खरीदने के बाद 200 रुपये देकर जाने लगे। जब शिवानी ने बाकी बचे 10 रुपये मांगे तो दोनों युवक गाली-गलौज करने लगे। शोर सुनकर पिता संजय सैनी वहां पहुंचे और उन्होंने युवकों को बहस न करने की सलाह दी। इसी बात से तैश में आकर दोनों युवकों ने पिता को धक्का दे दिया और देखते ही देखते दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। शिवानी ने आगे बताया कि अपने पिता को घिरता देख उसकी छोटी बहन सलोनी पिता को बचाने के लिए हाथ में डंडा लेकर आगे आई, लेकिन आरोपियों ने उसके हाथ से भी डंडा छीनकर उसे व मां अनु के साथ मारपीट की। इसी बीच आरोपियों ने सड़क पर पड़ी ईंट और डंडे से संजय सैनी के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए, जिससे उनकी मौत हो गई। संजय सैनी अपने पीछे पत्नी और 4 बेटियों को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं।

### पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी

## एक दिन में दो एसएचओ रिश्वत लेते गिरफ्तार

- पानीपत में दस हजार तो भिवानी में महिला अधिकारी 7 हजार रुपये लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक ही दिन में पुलिस के दो बड़े अधिकारियों को रिश्वत लेते दबोचा। पानीपत में थाना किला के प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। वहीं, भिवानी में लिव इन रिलेशनशिप के एक मामले में महिला थाना की एसएचओ कमलेश को 7 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया। इन दोनों मामलों से एक बार फिर यह साबित हो रहा है कि पुलिस विभाग में सब ठीक नहीं है। भ्रष्टाचार की जड़ें गहरे तक जमी हैं।

पानीपत के मामले के अनुसार, एक शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि थाना किला में तैनात एसएचओ सुरेश कुमार दो शिकायतों के निपटारे के बदले रिश्वत मांग रहा है। इनमें एक शिकायत स्वयं शिकायतकर्ता वकील के खिलाफ थी, जबकि दूसरी शिकायत उसके मित्र मोनिस से जुड़ी हुई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि एसएचओ पहले भी तीन हजार रुपये ले चुका था और बाद में दोबारा 10 हजार रुपये की मांग की गई। इस पर शिकायत के बाद कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया गया।

वहीं, भिवानी के मामले की बात करें तो महिला थाना की एसएचओ कमलेश ने लिव-इन पार्टनरों में चल रहे केस में समझौता करवाने के लिए 7 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। एसएचओ के बाद इस केस की जांच अधिकारी को भी विजिलेंस ने हिरासत में लिया। एसएचओ द्वारा 7 हजार रुपये रिश्वत मांगने की शिकायत हिसार विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को दी गई थी। टीम ने प्लानिंग के तहत छापेमारी की और एसएचओ को रंगेहाथ रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। उसके पास से टीम ने 7 हजार रुपये बरामद किए हैं।

## अमेरिका भेजने के नाम पर 88 लाख ठगे, डिपोर्ट होने पर दंपति पर करवाया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

**अमेरिका के नाम पर दुबई व कनाडा भी भेजा**

थाना ढांड पुलिस ने एक व्यक्ति को अमेरिका भेजने के नाम पर 88 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में दंपति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस बंद में गांव रसूलपुर के अजय कुमार ने शिकायत में बताया कि वह इस्माईलाबाद के सोहनलाल को जानता था। उसने बताया कि 2023 में सोहनलाल तथा उसकी पत्नी मनजीत उनके घर आए तथा उन्हें विदेश भिजवाने का झांसा दिया। उसने 2023 में जमीन बेचकर 45 लाख रुपये आरोपियों को दिए। इसके 20 दिन बाद आरोपियों ने उसे जयपुर एयरपोर्ट से दुबई भेज दिया गया। वहां पर करीब 2 महीने तक होटल में रखा गया इसके बाद वह वापस आ गया। इसके बाद आरोपियों ने 31 मार्च 2024 को उसे अमेरिका के नाम पर कनाडा भिजवा दिया। वहां पर उसके दस्तावेज सही न होने के कारण उसे फिर से वापस भारत भिजवा दिया गया। इसके बाद आरोपियों ने अलग-अलग समय में उससे और राशि भी ले ली तथा कहा कि वह अब उसे अमेरिका भिजवाएंगे। फिर जंगल के रास्ते उसे मैक्सिको भिजवाया गया। इसके बाद आरोपियों ने उसे बंदी दिखाकर उसके परिवार वालों से 16 लख रुपये की राशि और ले ली। बाद में उसे अमेरिका पुलिस द्वारा कैंप में रखा गया तथा 15 अगस्त 2025 को उसे वापस भारत डिपोर्ट कर दिया गया।

## बच्चे का अपहरण कर 70 लाख मांगने के मामले में मास्टरमाइंड गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

बुक विक्रेता के 12 वर्षीय बच्चे का अपहरण कर 70 लाख रुपये की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने मुख्य मास्टरमाइंड आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सिरसा के रामनगरिया निासी दीपक के रूप में हुई है।

शहर थाना प्रभारी बलराज सिंह ने बुधवार को बताया कि इंद्रपुरी मोहल्ला निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी सुरतगढ़िया चौक पर किताबों की दुकान है। उसकी दुकान पर चतरगढ़ पट्टी निवासी सौरभ पिछले करीब तीन वर्षों से काम करता था। उसका बेटा सी ब्लॉक स्थित एक ट्यूशन सेंटर में पढ़ने जाता है, जिसे सौरभ छोड़ने जाता था। बीते दिवस भी सौरभ बच्चे को बाइक पर ट्यूशन छोड़ने जा रहा था। जैसे ही वे सी ब्लॉक क्षेत्र में पहुंचे तो पीछे से आई एक नैनो कार ने बाइक के आगे गाड़ी लगाकर उन्हें रोक लिया। कार से उतरे तीन नकाबपोश युवकों ने सौरभ और बच्चे को जबरन गाड़ी में बैठा लिया तथा उनकी आंखों पर कपड़ा बांध दिया। आरोपियों ने कुछ दूरी पर ले जाकर शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से 70 लाख रुपये की फिरौती की मांग की। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि बच्चे को गुमराह करने के उद्देश्य से सौरभ ने साजिश के तहत स्वयं को बेहोश होने का नाटक किया ताकि बच्चे को लगे कि उसे भी बदमाशों ने बंधक बना रखा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने मुख्य मास्टरमाइंड आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने वारदात को अंजाम देने के लिए पहले बाइक पर सवार होकर रेकी की तथा पीड़ित परिवार के बारे में पूरी जानकारी जुटाई थी। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा ताकि मामले में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाकर उन्हें भी गिरफ्तार किया जा सके। गौरतलब है कि इस मामले में पुलिस पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।



**पीड़ित की दुकान का पुराना कर्मचारी भी साजिश में था शामिल, एक आरोपी को पुलिस पहले कर चुकी गिरफ्तार**

# भाजपा नेता शंकर धूपड़ बने शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भारत सरकार की नई शिक्षा नीति को पूर्णरूपेण लागू करना मेरी प्राथमिकता होगी। ये उद्गार शंकर लाल धूपड़ ने आज यहां हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार संभालने के पश्चात व्यक्त किए। बोर्ड अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ का पूर्व बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार व अन्य ने स्वागत किया।

कार्यग्रहण उपरांत धूपड़ ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करने की उनकी प्राथमिकता रहेगी। शिक्षा-परीक्षा को सुधारवादी कदमों को और अधिक गति देते हुए बोर्ड की कार्यप्रणाली को अधिकाधिक सुदृढ़ किया जाएगा। शंकर लाल धूपड़ ने अपनी नियुक्ति के लिए केन्द्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा का आभार व्यक्त किया है। प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष रामावतार शर्मा ने कहा कि शिक्षा विभाग ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट शंकर लाल धूपड़ को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त पर खुशी जताई।



भिवानी। शिक्षा बोर्ड में नियुक्ति के बाद कार्यभार ग्रहण करते हुए शंकर लाल धूपड़।


ISGEC

## इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : रादौर रोड, यमुनानगर–135001, हरियाणा
CIN: L23423HR1933PLC000097, Ph: +91-120-4085405,
Email: cfo@isgec.com, Website: www.isgec.com

**31.03.2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

(अर्जन प्रति शेयर को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष | |
| | | 31.03.2026 (अंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.03.2026 (अंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.03.2026 (अंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.03.2026 (अंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
| 1. | निरंतर प्रचालनों से कुल आय | 1,75,572 | 1,45,355 | 5,45,866 | 5,07,937 | 2,11,098 | 1,74,740 | 6,92,228 | 6,46,436 |
| 2. | अवधि हेतु निरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 13,262 | 8,920 | 46,894 | 38,830 | 13,077 | 5,008 | 32,439 | 32,628 |
| 3. | कर से पूर्व अवधि हेतु निरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 13,262 | 8,920 | 45,491 | 38,830 | 13,077 | 5,008 | 30,790 | 32,628 |
| 4. | कर के बाद अवधि हेतु निरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 10,062 | 6,317 | 34,675 | 29,374 | 8,497 | 1,842 | 15,404 | 20,439 |
| 5. | कर के बाद अवधि हेतु निरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 6. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [(अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 10,277 | 6,252 | 35,354 | 29,167 | 7,473 | 1,653 | 13,951 | 20,056 |
| 7. | इक्विटी शेयर कैपिटल | 735 | 735 | 735 | 735 | 735 | 735 | 735 | 735 |
| 8. | रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार | 2,40,951 | | | | 2,72,923 | | | |
| 9. | अर्जन प्रति इक्विटी शेयर (रु. 1/- प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) (ए) बेसिक (रु. में) | 13.69 | 8.59 | 47.16 | 39.95 | 9.96 | 1.57 | 14.81 | 25.79 |
| | (बी) डायल्युटेड (रु. में) | 13.69 | 8.59 | 47.16 | 39.95 | 9.96 | 1.57 | 14.81 | 25.79 |

**टिप्पणी :–**

1. कम्पनी के उपरोक्त स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 27 मई 2026 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।
2. कम्पनी के इन स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम को कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 में विनिर्दिष्ट अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 (संशोधित अनुसार) के तहत अधिसूचित लागू भारतीय लेखा मानकों (Ind AS) के मान्यता और उपाय सिद्धांतों के अनुसार तैयार किया गया है।
3. निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष हेतु कम्पनी के लाभ में से रु. 6/- (600%) रु. 1/- प्रत्येक के प्रति इक्विटी शेयर के अन्तिम लाभांश की अनुशंसा की है, जो कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।
4. सेबी सरकुलर CIR/CFD/CMD/56/2016 दिनांक 27 मई 2016 के सम्बन्ध में, कम्पनी एतद द्वारा घोषणा करती है कि अंकेक्षकों ने 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अरूपांतरित मत सहित स्टैंडअलोन एवं समेकित दोनों हेतु वित्तीय परिणामों की ऑडिट रिपोर्ट्स जारी कर दी है।
5. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स www.bseindia.com , www.nseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.isgec.com पर उपलब्ध हैं। ये नीचे दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके देखे जा सकते हैं।
6. 31 मार्च 2026 और 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही हेतु परिणाम, तब समाप्त सम्बन्धित वित्तीय वर्ष की तृतीय तिमाही तक अअंकेक्षित वर्ष से तिथि आंकड़ों और प्रकाशित तथा 31 मार्च 2026 और 31 मार्च 2025 क्रमशः को समाप्त पूर्ण वित्तीय वर्ष के सम्बन्ध में अंकेक्षित आंकड़ों के बीच बैलेसिंग आंकड़े हैं। वर्तमान के साथ-साथ पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की तृतीय तिमाही को समाप्त तक आंकड़ों की केवल समीक्षा की गई थी और ऑडिट के अधीन नहीं है।
7. भारत सरकार ने मौजूदा 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में शामिल करते हुए एक यूनिफाइड फ्रेमवर्क के अंदर समेकित कर दिया है। संहिताओं को 21 नवम्बर 2025 से प्रभावी कर दिया गया है। नई श्रम संहिताओं के फलस्वरूप इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा प्रदान किए गए दिशा-निर्देशों के समरूप और वास्तविक मूल्यांकन के आधार पर रु. 1649 लाख के ग्रुप का कर्मचारी लाभों के लिए प्रावधान में एकबारगी वृद्धि अनुमानित है और इसको वर्तमान रिपोर्टिंग अवधि में एक असाधारण मद के तौर पर मान्यता दी गई है। ग्रुप श्रम संहिताओं के अन्य पहलुओं पर सरकार से स्पष्टीकरण और केन्द्रीय / राज्य नियमों के अन्तिम रूप देने को मॉनिटर करना जारी रखे हुए है, और जैसे ही और जब ऐसे स्पष्टीकरण जारी किए जाते हैं / नियमों को अधिसूचित किया जाता है उपयुक्त लेखा प्रभाव प्रदान करेगा।
8. इस्जेक इनवेस्टमेंट्स प्राईवेट लिमिटेड, सिंगापुर (आईआईपीएल), कम्पनी की एक पूर्णतया स्वामित्व वाली सब्सिडीयरी ने इसकी पूर्णतया स्वामित्व प्राप्त सब्सिडीयरी ''बायोएक एनर्जी होल्डिंग्स वन, केमैन आयलैंड्स'' में इसकी सम्पूर्ण शेयरहोल्डिंग को बेचने के लिए माह दिसम्बर 2024 में एक खरीददार के साथ बिक्री एवं खरीद अनुबंध (एसपीए) का समझौता कर चुकी थी। चूंकि खरीददार अपेक्षित भुगतान करने में विफल रहा है, उपरोक्त एसपीए 15 सितम्बर 2025 को समाप्त हो चुका है। वर्तमान में, इंटरनेशनल जियो-पॉलिटिकल सिनेरियो होने के मद्देनजर, आईआईपीएल को निकट भविष्य में उपरोक्त ट्रांजेक्शन के लिए कोई सक्रिय खरीददार नहीं दिख रहा है। तदनुसार Ind AS 105 के अनुपालन में :-
(ए) बायोएक एनर्जी होल्डिंग्स वन के प्रचालन को अनिरंतर प्रचालनों से निरंतर प्रचालनों में वर्गीकृत किया गया है।
(बी) पूर्ववर्ती अवधियों में वसूल नहीं किये गये अवमूल्यन और अमोरटाइजेशन व्यय को सम्बन्धित अवधियों में अब वसूल किया गया है।
(सी) बिक्री के लिए रोकी गई के तौर पर पूर्व में वर्गीकृत परिसम्पत्तियों और देनदारियों को सम्बन्धित लाइन मदों में पुनः वर्गीकृत किया गया है।
9. अनुकूल पूर्ववर्ती अवधियों हेतु आंकड़े उनको तुलनायोग्य बनाने के लिये जहां आवश्यक हुआ रिग्रुप्ड कर लिये गये हैं।

कृते इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड

दिनांक: 27 मई 2026
स्थान : नोएडा

(आदित्य पुरी)
प्रबंध निदेशक

हाईकोर्ट में मप्र सरकार ने किया ये खुलासा

# अभिनेत्री ट्विशा से मौत के पहले हुई थी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर


पति समर्थ सीबीआई के साथ

■ सास गिरिबाला सिंह की मांगी कस्टडी, सास की जमानत पर फैसला सुरक्षित

ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में कानूनी शिकंजा कसता जा रहा है। एसआईटी ने बुधवार को आरोपी पति समर्थ सिंह को भोपाल कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 29 मई तक सीबीआई रिमांड पर भेज दिया गया है। रिमांड मिलते ही सीबीआई की टीम आरोपी समर्थ को लेकर भोपाल के कटारा हिल्स स्थित घटनास्थल (उसके घर) पहुंची और बारीकी से निरीक्षण किया। दूसरी ओर, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में ट्विशा की सास व रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द करने की याचिका पर तीखी बहस हुई। कोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में अब सीबीआई को भी पक्षकार बनाया गया है। मध्यप्रदेश सरकार ने बुधवार को हाईकोर्ट में कहा कि ट्विशा शर्मा के शरीर पर मिले चोट के निशान मृत्यु से पहले के थे और ये उनकी मौत से पहले हुई हाथापाई या संघर्ष के दौरान लग सकते हैं। इधर, कोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सास गिरिबाला सिंह ने बुधवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ में अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया।

## असम में यूसीसी बिल पास, लिव-इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य व बहुविवाह पर लगेगा बैन

गुवाहाटी। असम विधानसभा ने बुधवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक पारित कर दिया। भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने सोमवार को यह विधेयक सदन में पेश किया था। इसके साथ ही असम पूर्वोत्तर का पहला राज्य और उत्तराखंड और गुजरात के बाद भाजपा शासित तीसरा राज्य बन गया है जिसने इस तरह का कानून पारित किया है। विपक्ष के हंगामे के बीच विधेयक पारित हो गया। विपक्ष ने मांग की थी कि इस विधेयक को चयन समिति के पास भेजा जाए। 2026 के असम विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के प्रमुख वादों में से एक यूसीसी विधेयक था।

## नबीन का 3 दिवसीय उत्तराखंड का दौरा आज से

नई दिल्ली। भजापा अध्यक्ष नितिन नबीन 28 मई से उत्तराखंड के 3 दिनी दौरे पर रहेंगे। वे संगठन से जुड़ी कई अहम बैठकों में हिस्सा लेंगे और वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे। यह दौरा30 मई तक चलेगा, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी रणनीति पर विशेष फोकस रहेगा।

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि दिनांक 10 जून 2026 को प्रातः 11.00 बजे समीति कक्ष, पषु पोषण विभाग, लुवास, हिसार में अमरूद के बगीचे (6 एकड़ में 450 पेड़ लगभग) की एक वर्ष के अनुबंध (14 मार्च 2027 तक) के लिए खुली बोली की जाएगी। बोलीदाता बोली से पहले किसी भी कार्य दिवस पर अमरूद के बाग का निरीक्षण कर सकता हैं। उपरोक्त बोली के लिए प्रत्येक बोलीदाता को बोली से पहले दिनॉक 10 जून 2026 को 30000/- धरोहर राशि नगद जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता की धरोहर राशि कुल राशि में समायोजित की जायेगी। असफल बोलीदाताओं की धरोहर राशि बोली के तुरन्त बाद वापिस कर दी जायेगी। सफल बोलीदाता को 25% राशि मौके पर जमा करवानी होगी तथा शेष राशि 72 घटें के अंदर-अंदर जमा करवानी होगी अन्यथा द्वितिय सफल बोलीदाता को एक वर्ष के अनुबंध के लिए बगीचे को दे दिया जाएगा, और पहले बोलीदाता की जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी। शेष शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। सभी बोलीदाता इस अवसर पर आमंत्रित हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग के इस नम्बर पर (01662-256118) सम्पर्क कर सकते है।

हस्ता/-प्रोफेसर एण्ड हेड
एनिमल न्यूट्रीशन विभाग लुवास

संवाद-1305/11/113/2027/45625/C/88/6 दि. 27.05.26

## सीएसआईआर- राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला
(वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
डॉ. के. एस. कृष्णन मार्ग, नई दिल्ली-110012

**विज्ञापन सं. भर्ती /02/2026**
**(संक्षिप्त संस्करण)**

सी.एस.आई.आर.- राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली में अपेक्षित योग्यताओं को पूरा करने वाले भारतीय नागरिकों से तकनीशियन (1) (पे-लेवल-02) के 20 (बीस) पदों को इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रिकल / कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) / मल्टीमीडिया, एनिमेशन और स्पेशल इफेक्ट्स / डिजिटल फोटोग्राफर, फोटोग्राफर / मैकेनिक मोटर वाहन के क्षेत्रों से भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।
आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 30.06.2026 है। डाउनलोड करने योग्य आवेदन-पत्र सहित विज्ञापन का पूरा विवरण एनपीएल की वेबसाइट www.nplindia.in पर उपलब्ध है।

CBC-36209/11/0001/2627 वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक

## भा.ति.सी.पु.

### //नोटिस//

दल संख्या-120302253 कांस्टेबल (जी.डी.) अरविन्द पुत्र श्री राज कुमार ग्राम- तोशाम, पो.आ.-तोशाम, तहसील-तोशाम, पुलिस स्टेशन-तोशाम, जिला-भिवानी, हरियाणा-127040 को सूचित किया जाता है कि आपको स्वयं के अनुरोध पर माताजी के उपचार हेतु दिनांक-28.09.2025 से 27.10.2025 तक 30 दिन असाधारण अवकाश स्वीकृत किया गया था जिसे ग्रहण करने के उपरांत आपके द्वारा दिनांक 27.10.2025 (अप्रा.) को अपनी आमद वाहिनी मुख्यालय, 22वीं वाहिनी तिगड़ी कैम्प में देनी थी किन्तु आप दिनांक-28.10.2025 (पूर्वा.) से सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति / सूचना के अनुदत्त अवकाश से अनुपस्थित चल रहें हैं। आपको ड्यूटी पर आमद देने हेतु 22वीं वाहिनी द्वारा द्वारा बार-बार निर्देशित किया गया लेकिन आपने ड्यूटी पर अपनी आमद नहीं दी। इसके उपरान्त जॉच न्यायालय का गठन किया गया और जॉच समिति की सिफारिश के अनुसार आपको दिनांक-28.10.2025 (पूर्वा.) से भा०ति०सी०पु० बल से भगौड़ा घोषित किया जा चुका है।

2. अतः आपको अंतिम अवसर देते हुए पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप इस नोटिस के प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर 22वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पु.बल, तिगड़ी कैम्प, नई दिल्ली-110080 में अपनी ड्यूटी पर आमद दें। यदि आप इस अवधि में अपनी आमद नहीं देतें हैं, तो आपको बिना किसी और नोटिस के सेवा से बर्खास्त कर दिया जायेगा।

हस्ता/- कमांडेंट
22वीं वाहिनी भा.ति.सी.पु.बल

CBC-19112/11/0032/2627

आसाराम को दुष्कर्म केस में झटका

## हाईकोर्ट ने बरकरार रखी उम्रकैद की सजा, तुरंत सरेंडर करें

**जोधपुर।** अपने ही आश्रम की नाबालिग लड़की से रेप के मामले में सजायाफ्ता आसाराम को आज जोधपुर हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। जोधपुर हाईकोर्ट ने आसाराम की अपीलों पर सुनवाई के बाद अपना फैसला सुनाते हुए उसकी सजा बरकरार रखी है। इसके साथ ही कोर्ट ने उनको तुरंत प्रभाव से सरेंडर करने का भी आदेश दिया है। आसाराम फिलहाल पैरोल पर जेल से बाहर है और अहमदाबाद में अपना इलाज करवा रहा है। आसाराम की अपील पर सुनवाई पूरी होने के बाद जस्टिस अरुण मोंगा की खंडपीठ ने इसका फैसला सुरक्षित रख लिया था। उसे आज सुनाया गया है। पीड़ित पक्ष के वकील पीसी सोलंकी ने बताया कि हाईकोर्ट ने आसाराम की ओर से पेश की गई अपील को खारिज कर दिया है।


■ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप हटा

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | प्रस्तावित 220 केवी सब स्टेशन कटवाल (हिसार) के डीमार्केशन और कंटूरिंग हेतु सर्वे। | 26.05.2026 04.06.2026 | अनुमानित लागत रु. 1,62,972/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सतनाली में 132 केवी महेन्द्रगढ़-सतनाली लाइन के लिए मौजूदा लाइन बे में नियंत्रण और सुरक्षा उपकरणों का प्रावधान। | 26.05.2026 08.06.2026 | रु. 2,53,854/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/45696/I/88/6 दि. 27.05.26

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में Village of Excellence के तहत 15 Front Line Demonstration कार्यक्रम का आयोजन किया जाना हैं जिसमें प्रति Front Line Demonstration में 50 किसानों द्वारा भाग लिया जाएगा। उपरोक्त कार्यकम में किसानों के लिए जलपान की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

| Sr. No. | Particulars of work | No. of Farmers |
|---|---|---|
| 1. | Breakfast (Samosa -01 pcs + Dal Kachori -01 pcs+ Frooti (125ml) -01 pcs+ Laddu -02 pcs.) per FLD | 50 किसान प्रति FLD |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 02.06.2026 दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/ ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह कार्यालय में दूरभाष नं. 9728714706 पर संपर्क करें।

हस्ता/-उपनिदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच-1149/11/1108/2027/45641/88/6 दि. 27.05.26

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जीन्द | चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर केबल को बिछाना और स्ट्रीट लाइट्स की विशेष मरम्मत। | 26.05.2026 02.06.2026 | 20,90,291/- | www.crsu.ac.in | 9017650920 construction@crsu.ac.in |
| 2 | चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जीन्द | चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जीन्द में गेस्ट हाउस के निकट इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक्स बिछाना और टीचिंग ब्लॉक्स के निकट हर्बल पार्क में फुटपाथ का निर्माण। | 27.05.2026 03.06.2026 | 32,59,288/- | www.crsu.ac.in | 9017650920 construction@crsu.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/45669/I/88/6 दि. 27.05.26

## महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

### शैक्षणिक वर्ष 2026-27 हेतु प्रवेश सूचना
(विज्ञा. सं. पीआर-04 ऑफ 2026)

म.द. विश्वविद्यालय, रोहतक में विश्वविद्यालय अध्यापन विभागों/ संस्थानों/ केन्द्रों और एमडीयू-सीपीएएस, गुरुग्राम द्वारा संचालित किए जा रहे सत्र 2026-27 हेतु एनईपी-2020 और 2-वर्षीय डीटीआईएसएल और डीआईएसएलआई प्रोग्राम्स के तहत विभिन्न पीजी प्रोग्राम्स (भारतीय और विदेशी नागरिकों के लिए), 3-वर्षीय एलएल.बी. (ऑनर्स), बी.पी.एड., रोजगारपरकता वृद्धि प्रमाण-पत्र कोर्सेज, पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम्स के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन जमा हेतु पोर्टल का खुलना : **21.05.2026**
भारतीय नागरिकों के लिए आवेदन प्रपत्र जमा हेतु अन्तिम तिथि : **10.06.2026**
विदेशी नागरिकों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा हेतु अन्तिम तिथि : **15.07.2026**

पात्रता शर्तों, सीटों की संख्या, शुल्क और अन्य विवरण हेतु, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात www.mdu.ac.in पर उपलब्ध 2026-27 की पीजी विवरणिका ध्यानपूर्वक पढ़ें।
परिवर्तन/अद्यतन, यदि कोई हो, विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे।

संवाद-1235/11/174/2027/45643/सी/88/6 दि. 27.05.26 रजिस्ट्रार

**फ.सं.10-3/2026 - टीएस.III**
**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**
******

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में निदेशक की नियुक्ति

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में निदेशक के पद हेतु केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा अन्य केंद्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों (सीएफटीआई) के निदेशकों के समकक्ष यथा अनुप्रयोज्य 11,250/- प्रति माह के विशेष भत्ते और अन्य स्वीकार्य भत्तों सहित 2,10,000/- (निश्चित) के वेतनमान पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

एनआईटी के निदेशक से अकादमिक के साथ-साथ प्रशासनिक प्रमुख होने के नाते यह अपेक्षा की जाती है कि उनकी नेतृत्व गुणों के साथ प्रमाणित प्रशासनिक, शिक्षण और अनुसंधान की पृष्ठभूमि (पीएचडी स्तर पर अनुसंधान मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण अनुभव सहित) हों। नियुक्ति, अनुबंध के आधार पर पांच वर्ष की अवधि के लिए या 70 वर्ष की आयु की प्राप्ति तक, जो भी पहले हो, की जाएगी।

पात्र / इच्छुक व्यक्ति www.nitcouncil.org.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो 01.06.2026 से 30.06.2026 तक 12:00 बजे मध्यरात्रि तक खोली जाएगी। दोनों तिथियां शामिल हैं।

यदि अंग्रेजी संस्करण और हिंदी संस्करण के बीच कोई असंगतता या अस्पष्टता है, तो अंग्रेजी संस्करण प्रबल होगा।

अन्य आवश्यक जानकारी के साथ विस्तृत विज्ञापन वेबसाइट http://education.gov.in और www.nitcouncil.org.in पर दिए गए हैं।

CBC-21260/11/0001/2627

उफ! मोबाइल गेम बना 'हत्यारा'

## 12 साल के बच्चे ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

भोपाल। निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित विश्वकर्मा नगर फेस-टू में 12 साल के बच्चे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह पढ़ा-लिखा नहीं था और उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह मोबाइल पर कोई गेम खेलता था। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त किया है। अनुमान है कि ऑनलाइन गेम के कारण उसने फांसी लगाई है। मोबाइल की जांच की जा रही है। जाहिद अली, विश्वकर्मा नगर फेस टू निशातपुरा में रहते हैं और बुधवारा में हम्माली करते हैं। उनके तीन बेटे थे। छोटा बेटा रिहान अली 12 साल का था और पढ़ाई नहीं करता था।


■ तड़के 3 बजे तक गेम खेलता रहा और फिर फांसी लगा ली

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | दो वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा राज्य में डीएच, सीएचसी, पीएचसी, जीएडी और हस्पतालों के लिए आयुर्वेदिक ओषधियों की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के लिए ऑनलाइन निविदा। | 27.05.2026 10.06.2026 | 53,66,07,487/- | www.hmscl.org.in | 0172-478822 hmsctenders@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप सी हेतु दो वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा के विभिन्न हस्पतालों को मेडिकल ड्रग कंज्यूमेबल्स की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के लिए ऑनलाइन निविदा। | 27.05.2026 16.06.2026 | 3,51,22,110/- | www.hmscl.org.in | 0172-478822 hmsctenders@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/45662/I/88/6 दि. 27.05.26



## 8 लाख में 220 किलो का बकरा, खाता है मेवा

**इंदौर।** इंदौर में 220 किलो के बकरे 'सुल्तान' की कुर्बानी दी जाएगी। गुलजार कॉलोनी निवासी मोईन खान करीब एक साल पहले सुल्तान को पंजाब से इंदौर लाए थे। सुल्तान को रोज 2 लीटर दूध, 250 ग्राम ड्राइफ्रूट और करीब 10 किलो पत्ते की डाइट दी जा रही है। खान ने बताया कि उन्हें शुरू से ही कुर्बानी के लिए भारी बकरे लाने का शौक रहा है।

## मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार और विस्फोटक बरामद

इंफाल (भाषा)। मणिपुर के विभिन्न जिलों में अलग-अलग अभियानों के दौरान प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया तथा हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, एक उग्रवादी को सोमवार को इंफाल पश्चिम जिले के काकवा लिलांडो लम्पाक क्षेत्र से पकड़ा गया। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक स्व-घोषित ₹कैप्टन₹ को उसी दिन इंफाल पूर्व जिले के कियामगेउ स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में डाबरा माइनर पर हिसार राजगढ़ रोड से हिसार मंगाली शरवा रोड आरडी 0.00 से 0.690 तक नये रोड का निर्माण। | बंद होने की तिथि 03.06.2026 | 425.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार-रेलवे रोड (रोड आईडी 4846) पर आरएलवाई कि.मी. 75/14-15 पर हिसार-जाखल रेलवे लाइन पर एलसी-57सी पर आरओबी के निर्माण हेतु पूर्ण आरेखण जीएडी और मृदा परीक्षण समेत विस्तृत प्रोजैक्ट रिपोर्ट की तैयारी हेतु डीएनआईटी। | बंद होने की तिथि 01.06.2026 | 16.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा चण्डीगढ़ | एक वर्ष की अवधि के लिए एक नये ट्विन इंजन स्टेट वीआईपी हेलीकॉप्टर, वीटी-एचवाईआर, एमबीबी-बीके117डी3 (एच145-डी3) के व्यापक बीमा का नवीनीकरण। | 27.05.2026 16.06.2026 | | www.haraviation.gov.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | लघु सचिवालय, हिसार टाउन में मौजूदा निपटान संरचना की मरम्मत और रखरखाव + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.06.2026 | 15.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 5 | कृषि एवं किसान कल्याण झज्जर | गांव : शेरिया, मदाना कलां-खुर्द, गोच्छी, बिशान पार्ट-बी. ब्लॉक : बेरी, जिला : झज्जर में वर्टिकल ड्रेनेज कार्य के माध्यम से सैलाइन भूमि का रिक्लेमेशन, क्षेत्रफल 4400 एकड़। | 22.05.2026 05.06.2026 | 521.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467007194 jhajjarasco@gmail.com |
| 6 | कृषि एवं किसान कल्याण झज्जर | गांव : डीघल पार्ट-बी, लकड़िया, धांधलान. ब्लॉक : बेरी, जिला : झज्जर में वर्टिकल ड्रेनेज कार्य के माध्यम से सैलाइन मिट्टी का रिक्लेमेशन, क्षेत्रफल 5400 एकड़। | 22.05.2026 05.06.2026 | 556.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467007194 jhajjarasco@gmail.com |
| 7 | कृषि एवं किसान कल्याण झज्जर | गांव : ढराना, देसलपुर, मांगावास, चिमनी, इस्लामगढ़, बिरहड़ तमासपुरा और फोर्टपुरा, जिला : झज्जर में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी प्रोजैक्ट के माध्यम से वाटर लाग्ड भूमि और सैलाइन मिट्टी का रिक्लेमेशन, क्षेत्रफल 6900 एकड़। | 22.05.2026 05.06.2026 | 868.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467007194 jhajjarasco@gmail.com |
| 8 | कृषि एवं किसान कल्याण झज्जर | गांव : छारा-अगरपुर, मातन, ब्लॉक : बहादुरगढ़, जिला : झज्जर में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट के माध्यम से सैलाइन भूमि का रिक्लेमेशन, क्षेत्रफल 5200 एकड़। | 22.05.2026 05.06.2026 | 660.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467007194 jhajjarasco@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण झज्जर | गांव : बाबरा, तलाव, खातीवास, धौड़, ब्लॉक : झज्जर, जिला : झज्जर में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट के माध्यम से सैलाइन मिट्टी का रिक्लेमेशन, क्षेत्रफल 3000 एकड़। | 22.05.2026 01.06.2026 | 384.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467007194 jhajjarasco@gmail.com |
| 10 | कृषि एवं किसान कल्याण झज्जर | गांव : पहाड़ीपुर (दूबलधन) में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट। | 22.05.2026 01.06.2026 | 119.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467007194 jhajjarasco@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी - गांव बातरोहण, ब्लॉक अम्बाला-1 में सामुदायिक केन्द्र के सामने शैड का निर्माण। | 26.05.2026 01.06.2026 | 4.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 12 | आयुष विभाग करनाल | अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के लिए वस्तुओं एवं सेवाओं को किराये पर लेने के लिए निविदा के सम्बन्ध में विज्ञापन। | 28.05.2026 05.06.2026 | ईएमडी 5000/- | karnal.gov.in | 9416094696 daoknl@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | बधवाना डिस्टी., समसपुर और गोठड़ा माइनर के विभिन्न पम्प हाउसेज के लिए 95 वर्ग मिमी. 3 कोर एल्यूमीनियम आर्मर्ड केबल की आपूर्ति और फिक्सिंग की आवश्यकता + 3 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 02.06.2026 | 3.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | सरदारा माइनर के विभिन्न आरडी पर पैचेज की लाइनिंग हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 01.06.2026 | 7.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 15 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी उपमंडल सं. 3, चरखी दादरी में गांव अचीना में आरडी 53700-एल लोहारू फीडर पर क्षमता 03 सीएस. के 2 अदद 30 एचपी इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट की आपूर्ति, परीक्षण, स्थापना और प्रचालन और 4 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 03.06.2026 | 49.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 16 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | डेटा सिम कार्ड्स की अधिप्राप्ति। | 28.05.2026 11.06.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 17 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | मोबाइल डिवाइस मैनेजमेंट की अधिप्राप्ति। | 28.05.2026 11.06.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 18 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | पर्सनलाइज्ड और अडेप्टिव लर्निंग सॉफ्टवेयर (पीएएल) की अधिप्राप्ति। | 28.05.2026 11.06.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/360/45660/I/88/6 दि. 27.05.26

## उत्तर रेलवे

### 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं

क) **कुल दस (08) स्टॉलः** दिल्ली, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, फरीदाबाद, गाजियाबाद, मेरठ सिटी, पटौदी रोड, गुड़गांव रेलवे स्टेशन।

ख) **कुल तैंतालीस (42) ट्रॉलीः** आनंद विहार टर्मिनल, बल्लभगढ़, बागपत रोड, बड़ौत, दिल्ली किशनगंज, दिल्ली सरायरोहिल्ला, फरीदाबाद नया शहर, गढ़ी हरसरू, जाखल, जींद, मुजफ्फरनगर, जुलाना, नरेला, खेकड़ा, मानसा, मेरठ सिटी, नांगलोई, नरवाना, नोली, ओखला, पालम, शकूरबस्ती, शामली, टपरी, टोहाना, तुगलकाबाद, विवेक विहार, असावती, दिल्ली आजादपुर, दिल्ली सफदरगंज, देवबंद, खतौली, मंगोलपुरी, मोदीनगर, मेरठ कैंट, मुरादनगर, नया गाजियाबाद, परतापुर, सकोटी टांडा, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन।

ग) दिल्ली जंक्शन, कुरुक्षेत्र, पलवल, गुड़गांव, मेरठ कैंट, नरेला, रोहतक, जुलाना, सांपला रेलवे स्टेशनों पर स्टॉल / ट्रॉली लगाने की अवधि 90 दिन होगी।

घ) एनएसजी 1, 2, 3 स्टेशनों के लिए पंजीकरण शुल्क रु. की दर से लिया जाएगा। तीस दिनों के प्रत्येक चरण के लिए 2000 और एनएसजी 4,5,6 (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, ओखला, शामली, टपरी, जिंद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजीब्रिज, तिलकब्रिज, गनौर, बादली, सब्जीमंडी, नरेला, तुगलकाबाद, फरीदाबाद न्यूटाउन बल्लभगढ़, पालम, मेरठकैंट, दिल्ली सफदरजंग, परतापुर और सकौती टांडा रेलवे स्टेशन पर पंजीकरण शुल्क रु. तीस दिनों के प्रत्येक मंत्र के लिए 1000 की दर से लिया जाएगा।

ङ) प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं: विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों / बुनकर आईडी कार्ड धारक। भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी) / खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/ गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित / पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।

C. पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
D. समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
E. किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।

आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।

आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 08.06.2026, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।

सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।

'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/ अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइटः: **www.indianrailways.gov.in & URL:**
**https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf**
और
**https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023**
पर उपलब्ध है।

1785/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपया हुआ दो पैसे मजबूत

**मुंबई।** रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2 पैसे की मामूली तेजी के साथ 95.68 (अस्थायी) पर रहा। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बढ़े तनाव और बातचीत में हो रही देरी के कारण निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। विदेशीमुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू बाजारों में कमजोर रुख ने भी रुपये पर दबाव डाला। अब सबका ध्यान तीन से पांच जून के बीच होने वाली रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की आगामी बैठक पर है।

### सेन्को गोल्ड के मुनाफे में 151 प्रतिशत का उछाल

**कोलकाता।** सेन्को गोल्ड लि. का मार्च, 2026 समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 151 प्रतिशत बढ़कर 157 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 62 करोड़ रुपये था। तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय भी 45 प्रतिशत बढ़कर 1,997 करोड़ रुपये रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 1,378 करोड़ रुपये थी। वहीं कर-पूर्व-आय (एबिटा) दोगुना से अधिक होकर 274 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एबिटा मार्जिन 9.2 प्रतिशत से बढ़कर 13.7 प्रतिशत हो गया।

### गेहूं उत्पादन 12.06 करोड़ टन रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण हुए नुकसान के बावजूद गेहूं का उत्पादन फसल सत्र 2025-26 के दौरान 2.29 प्रतिशत बढ़कर 12.06 करोड़ टन रहने का अनुमान है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। यह अनुमान कृषि मंत्रालय के 2025-26 के मानसून की शुरुआत में लगाए गए 12.02 करोड़ टन उत्पादन के अनुमान के अनुरूप है। यह फसल सत्र 2024-25 में दर्ज 11.79 करोड़ टन गेहूं उत्पादन से अधिक है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## संघर्ष का प्रभाव लोगों की आय, खर्च और बचत के रुझान पर पड़ेगा

# पश्चिम एशिया संकट लंबा खिंचने पर बीमा की वृद्धि दर पड़ सकती नरम: एलआईसी प्रमुख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अग्रणी बीमा कंपनी एलआईसी के प्रमुख आर दुरईस्वामी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के लंबे समय तक बने रहने की स्थिति में देश के बीमा क्षेत्र की वृद्धि दर में कुछ नरमी आ सकती है, क्योंकि इससे लोगों की आय और बचत क्षमता प्रभावित हो सकती है। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक दुरईस्वामी ने कहा कि यदि पश्चिम एशिया संकट लंबा चलता है तो इसका श्रृंखलाबद्ध प्रभाव लोगों की आय, खर्च और बचत के रुझान पर पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि स्थिति जल्द सामान्य होगी।

> अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा इस संकट से प्रभावित होता है

## बचत प्रभावित होने का असर बीमा क्षेत्र पर पड़ता है

### ऊर्जा समेत कई क्षेत्र प्रभावित

दुरईस्वामी ने कहा कि यदि अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा इस संकट से प्रभावित होता है तो बीमा उद्योग भी इससे अछूता नहीं रह सकता है। लोगों की आय और बचत क्षमता पर असर पड़ने से बीमा क्षेत्र पर भी स्वाभाविक रूप से प्रभाव पड़ेगा। गौरतलब है कि 28 फरवरी को पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद ऊर्जा समेत कई क्षेत्रों पर असर पड़ा है। इससे आर्थिक वृद्धि में सुस्ती और महंगाई बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।




### आईपीओ पर अंतिम फैसला सरकार लेगी

एलआईसी में सरकार की हिस्सेदारी घटाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर दुरईस्वामी ने कहा कि कंपनी इस तरह के कदमों के लिए पहले से तैयार है। उन्होंने कहा, /"जब हमने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी शुरू की थी, तभी से हम आगे के ऐसे कदमों के लिए तैयार थे। इस पर अंतिम फैसला सरकार को लेना है।/"

**सरकार ने 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है**

एलआईसी प्रमुख ने कहा कि जैसे ही समय और हिस्सेदारी के स्तर पर निर्णय लिया जाएगा, एलआईसी सरकार के साथ मिलकर इसे सफल बनाने के लिए तैयार है। वर्ष 2022 में एलआईसी का आईपीओ आया था, जो उस समय आकार के लिहाज से देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम था। इसके जरिए सरकार ने 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर करीब 21,000 करोड़ रुपये जुटाए थे।

### न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाने पर सरकार काम कर रही

दुरईस्वामी ने कहा कि सूचीबद्ध कंपनियों के लिए निर्धारित मानकों के तहत न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाने के लक्ष्य पर सरकार काम कर रही है, लेकिन मौजूदा बाजार अस्थिरता के कारण अगले सार्वजनिक पेशकश के लिए उचित समय का इंतजार किया जा रहा है। आईपीओ के बाद शेयरधारकों को लाभ देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि एलआईसी ने हाल में एक मौजूदा शेयर पर एक बोनस शेयर जारी किया और इसके बाद 67 प्रतिशत अधिक लाभांश देने की भी घोषणा की।

### दस रुपये अंतरिम लाभांश की सिफारिश

एलआईसी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के नतीजों को अंतिम रूप देते समय 10 रुपये अंकित मूल्य वाले शेयर पर 10 रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। इसे शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन रखा गया है। एलआईसी ने हाल ही में जनवरी-मार्च तिमाही में 23 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 23,420 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो देश की किसी भी वित्तीय सेवा कंपनी का अब तक का उच्चतम स्तर है।

**पुष्प ब्रांड का आईपीओ के लिए सेबी के पास दस्तावेज जमा (नई दिल्ली) :** इंदौर की मसाला विनिर्माता कंपनी पुष्प ब्रांड (इंडिया) ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। आईपीओ का आकार 800 करोड़ रुपये से 1,000 करोड़ रुपये के बीच रहने की संभावना है।

**सूचना**

मैं, रामनारायण पुत्र श्री रामेशवर निवासी गांव गान्धरा तहसील सांपला जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र धर्मजीत मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**BSNL** Connecting Bharat
भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED
(A Govt. of India Enterprise)

संख्या: BSNLCO-11/12(11)/1/2026-RECTT-CO
26.05.2026

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) दूरसंचार संवर्ग में कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारी (जूनियर टेलीकॉम ऑफिसर) के पद हेतु प्रत्यक्ष भर्ती योजना के अंतर्गत खुले बाजार से प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करता है।

इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी एवं नवीनतम अपडेट के लिए बीएसएनएल की वेबसाइट www.bsnl.co.in पर जा सकते हैं।

बीएसएनएल निगम कार्यालय, नई दिल्ली
CBC-06204/12/0001/2627

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

वरि. मंडल, विद्युत अभियंता / क.वि. / उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता है। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जाएगा।

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण: | निविदा बंद / खुलने की तिथि: 18.06.2026 |
|---|---|---|
| ETrU-T-04-2026-27 | अंबाला डिवीजन में KRLI-GANL स्टेशन (फेज–1) के बीच KRLI-ANSB सेक्शन में जहां कॉन्ट्रैक्ट वायर की ऊंचाई जरूरी लेवल से कम हो गई है, वहां मौजूदा OHE मास्ट की जगह नए OHE मास्ट लगाने का प्रावधान हेतु कार्य | लगभग लागत: ₹2,98,74,289.13<br>धरोहर राशि: ₹5,97,500/-<br>कार्य पूरा करने की अवधि: 09 महीने<br>वैधता अवधि: 60 दिन |

निविदा फार्म की कीमत: Downloading through IREPS, portal-NIL - ₹10,000/- (Sr. DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए)

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई–निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू हैं एवं इस प्रकार हैं: "Design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz single phase 25 KV AC OHE". 5. टेंडर डाक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

सं.: ETrU-T-04-2026-27 दिनांक: 27.05.2026 1804/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सोना 1,100 रुपये गिरकर 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी भी टूटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1,100 रुपये गिरकर 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिका-ईरान के बीच जारी तनाव और सुरक्षित निवेश के रूप में डॉलर की बढ़ती मांग के कारण निवेशकों ने सोने को लेकर सतर्क रुख अपनाया।

> ■ डॉलर की बढ़ती मांग से निवेशक सोने को लेकर सतर्क

अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,100 रुपये घटकर 1,61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। मंगलवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 1,62,400 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी भी 3,300 रुपये टूटकर 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। पिछले सत्र में चांदी 2,73,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही, क्योंकि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण कीमती धातुओं पर दबाव बना रहा।'' उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में किसी समझौते की उम्मीदें कम होने से ऊर्जा की कीमतों में बढ़ोतरी और वैश्विक व्यापार प्रवाह में संभावित रुकावटों को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इससे यह डर पैदा हो गया है कि महंगाई लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती है।



# ऊर्जा, बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार दूसरे दिन भी गिरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स बुधवार को लगातार दूसरे दिन 142 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में मामूली छह अंक की गिरावट रही। पश्चिम एशिया में जारी अनिश्चितता के बीच निवेशकों के सतर्क रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की ताजा पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 141.90 अंक टूटकर 75,867.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 76,224.68 अंक तक गया और नीचे में 75,748.21 अंक तक आया। सेंसेक्स में शामिल 20 शेयर बढ़त में रहे, जबकि 10 में गिरावट रही। वहीं निफ्टी 6.55 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 23,907.15 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, इटर्नल, एनटीपीसी और टाटा स्टील शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशक धारणा सतर्क रही।/" वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.24 प्रतिशत टूटकर 96.35 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

> ■ सेंसेक्स 142 और निफ्टी 6.55 अंक टूटा
> ■ विदेशी निवेशकों की ताजा पूंजी



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडीए सिरसा | आरडो 50/एल लाम्बी माइनर पर आउटलेट पर भूमिगत पाइप लाइन बिछाने के लिए रिमॉडलिंग/पुनःस्थापना + 11 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.06.2026 | रु.5,55,17,790/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416047333 xensirsacad@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/45637/I/88/6 दि. 27.05.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बवानी खेड़ा | एसबीएम–यू.2.0., नगर पालिका, बवानी खेड़ा के तहत हनुमान मंदिर से बडा गौरवा तक नाला (इंटरसेप्शन और डाइवर्जन) का निर्माण + 4 कार्य। | 25.05.2026 04.06.2026 | रु. 3,79,85,448/- | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 mcbawanikhera1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/45635/I/88/6 दि. 27.05.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत के जोन/क्षेत्र में सड़कों की यांत्रिकृत और मैनुअल स्वीपिंग हेतु एजेंसी का चयन। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | रु.1,17,87,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |
| 2 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत के जोन–I के जोन/क्षेत्र में सड़कों की यांत्रिकृत और मैनुअल स्वीपिंग हेतु एजेंसी का चयन। | बंद होने की तिथि 05.06.2026 | रु.4,60,50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |
| 3 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत के जोन–2 के जोन/क्षेत्र में सड़कों की यांत्रिकृत और मैनुअल स्वीपिंग हेतु एजेंसी का चयन। | बंद होने की तिथि 05.06.2026 | रु.2,75,30,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/45647/I/88/6 दि. 27.05.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में चिन्योट कॉलोनी के निकट एलीवेटेड ट्रैक के साथ-साथ रोड पर पोल्स और एलईडी लाइट्स की आपूर्ति व स्थापना। | 26.05.2026 02.06.2026 | रु. 8.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में सुनारियां गांव के निकट जेल रोड पर इनसिनरेटर इलैक्ट्रिक कनेक्शन के लिए विद्युत कार्य को पूरा करना। | 26.05.2026 02.06.2026 | रु. 13.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | सोनीपत रोड, एम.सी. रोहतक में हुडा पार्क से शिवालिक प्रोपर्टीज निकट ताऊ नगर, गली नं. 18 तक ग्रीन बेल्ट का निर्माण (पुनः आमंत्रण) + 1 कार्य। | 26.05.2026 05.06.2026 | रु. 167.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/45646/I/88/6 दि. 27.05.26

### हुंडई मोटर इंडिया वाहनों के दाम 12,800 रुपये तक बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** वाहन बनाने वाली हुंडई मोटर इंडिया लि. ने बुधवार को अपने वाहनों के दाम मॉडल और संस्करण के आधार पर 12,800 रुपये तक बढ़ाने की घोषणा की। कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण कंपनी ने यह कदम उठाया है। हुंडई मोटर ने आठ अप्रैल, 2026 को शेयर बाजार को दी सूचना में कच्चे माल की लागत बढ़ने के कारण अगले महीने से अपने सभी वाहनों की कीमतों में एक प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा, ''मूल्य वृद्धि अधिकतम 12,800 रुपये तक होगी और यह मॉडल और संस्करण के आधार पर अलग-अलग होगी।''हुंडई ने कहा कि कच्चे माल की बढ़ती लागत और उच्च परिचालन खर्चों सहित अन्य कारणों से मूल्य वृद्धि आवश्यक हो गई है। कंपनी ने कहा, ''हालांकि, कंपनी लागत को अनुकूलतम स्तर पर लाने और अपने ग्राहकों पर प्रभाव को कम करने के लिए लगातार प्रयासरत है। लेकिन कंपनी इस मामूली मूल्य वृद्धि के माध्यम से बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा बाजार में हस्तांतरित करने के लिए मजबूर है।''

## अमेरिकी दल का नेतृत्व ब्रेंडन लिंच करेंगे


# व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी दल एक जून को आएगा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी दल अंतरिम व्यापार समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए एक जून को चार दिवसीय यात्रा पर भारत आ रहा है। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी दल का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों की इस बातचीत में ''अंतरिम समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों, सीमा शुल्क तथा व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन और आर्थिक सुरक्षा जैसे कई क्षेत्रों पर बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है।'' भारत और अमेरिका ने सात फरवरी को एक संयुक्त बयान जारी कर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार पर एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति व्यक्त की थी। अब दोनों पक्षों को इस समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देना होगा। इस रूपरेखा ने व्यापक भारत-अमेरिका बीटीए वार्ता के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। रूपरेखा के अनुसार, अमेरिका ने भारत पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई थी। उसने रूसी तेल खरीदने पर भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले 25 प्रतिशत शुल्क को हटा दिया था।

> ■ कई क्षेत्रों पर बातचीत आगे बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया

## राशिफल


**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।


**तुला** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।



**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6239




**बाएँ से दाए**

1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 6238 का हल**





## थ्री लैंग्वेज रूल को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई भाषा नीति छात्रों पर डाल सकती है अतिरिक्त दबाव**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कक्षा 9वीं और 10वीं में दो भारतीय भाषाओं के साथ तीन भाषाएं पढ़ना अनिवार्य करने के सीबीएसई के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने सीबीएसई और सरकार को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर अब 15 या 16 जुलाई को सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर विचार किया जाना जरूरी है। हालांकि, कोर्ट ने इस मामले में थ्री फार्मूले पर कोई रोक नहीं लगाई है।

## सीबीएसई ने डिलीट क्यों किया मार्किंग पोर्टल हैक होने वाला पोस्ट? खुद बताया कारण

**नई दिल्ली।** सीबीएसई के ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम (ओएसएम) को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ब्लर कॉपी और आंसर शीट की अदला-बदली के आरोपों के बीच एक हैकर ने दावा किया कि उसने बोर्ड का मार्किंग पोर्टल आसानी से हैक कर लिया। इसके बाद सीबीएसई ने इस मामले को लेकर एक पोस्ट किया। हालांकि ये पोस्ट कुछ ही मिनटों में डिलीट भी कर दिया गया। इसके बाद करेक्शन के साथ दोबारा पोस्ट हुआ और डिलीट करने को लेकर सफाई दी गई। सीबीएसई की तरफ से उन तमाम खबरों का खंडन किया गया, जिनमें दावा किया जा रहा था कि बोर्ड का मार्किंग पोर्टल हैक हो गया था। बोर्ड ने बताया कि जिस वेबसाइट या पोर्टल का इस्तेमाल छात्रों की कॉपी चेक करने और स्कैन कॉपी के लिए किया जा रहा है, वो अलग है।

### अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के लिए गृह मंत्री शाह के कड़े निर्देश

# बॉर्डर से 15 किमी के भीतर अवैध ढांचों को ध्वस्त करें

*गृह मंत्री ने बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, श्री गंगानगर और फलोदी जिलों के डीएम और एसपी के साथ उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की। बैठक में सीमा प्रबंधन को बेहतर और व्यापक बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के अंदर 15 किलोमीटर के दायरे में जीरो टॉलरेंस की नीति पर सख्ती से अमल शुरू करना शुरू कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस नीति का कड़ाई से पालन करें और देश भर में जितनी भी अंतरराष्ट्रीय सीमाएं हैं, वहां से 15 किलोमीटर भीतर जितने भी अवैध निर्माण हुए हैं, उन्हें गिरा दिया जाए। केंद्र सरकार का फोकस अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के आसपास पिछले कुछ वर्षों में बने अवैध निर्माण पर है। भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं 9 देशों से जुड़ती हैं, जिसमें करीब 15,107 किलोमीटर का जमीनी बॉर्डर है और लगभग 7,517 में फैली विशाल तटरेखा है। अधिकारियों ने बताया है कि गृह मंत्रालय ने जिलाधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए कई अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी हैं।



- जिलाधिकारियों (डीएम) से कहा गया है कि सीमा क्षेत्र के बैंकों से होने वाले सभी तरह के लेन-देन की कानूनी और वित्तीय नियमों की तामील सुनिश्चित करवाएं।
- बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों और उनकी फंडिंग के स्रोतों की छानबीन करें।
- अवैध लेन-देन के लिए इस्तेमाल होने वाले खातों और फर्जी कंपनियों की जांच करें।
- फर्जी आधार की पहचान करें व सीमा-पार से होने वाली तस्करी पर लगाम लगाएं।

### सीमावर्ती जिलों में 360 डिग्री सिक्योरिटी कवर

गृह मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सीमावर्ती जिलों को उन इलाकों में अपराधों के नेटवर्क,स्रोत और पैटर्न की गहराई से पड़ताल करने का निर्देश दिया गया है। इन्हें ड्रग की समस्या पर फोकस करने और इनके दूरगामी समाधान विकसित करने को कहा गया है। गृहमंत्री अमित शाह ने सीमावर्ती जिलों को नागरिकों, राज्य सरकार की मशीनरी और सुरक्षा एजेंसियों से तालमेल में 360 डिग्री सिक्योरिटी कवर वाला ढांचा तैयार करने पर जोर दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राजस्थान के बीकानेर में भारत-पाकिस्तान के बॉर्डर इलाके में स्थित सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर एक रिव्यू मीटिंग की अध्यक्षता की थी। इस बैठक में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर और फलोदी जैसे पांच सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारी और एसपी के अलावा राज्य सरकार के बड़े अधिकारी भी शामिल हुए थे।

### गुजरात में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम शुरू

*भारत में हरित ऊर्जा परिवर्तन में इतिहास रचा*

# चंडीगढ़, गोवा और इंदौर जैसे कई शहरों को 24 घंटे तक बिजली देने की क्षमता

एजेंसी ▶▶ भूज (गुजरात)

भारत ने ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन (हरित ऊर्जा परिवर्तन) में इतिहास रच दिया है। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने गुजरात के खावड़ा में 3.37 गीगावाट प्रति घंटे क्षमता वाला बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। कंपनी के अनुसार, एक ही स्थान पर स्थापित यह दुनिया का सबसे बड़ा (चीन के बाहर) बैटरी स्टोरेज प्रोजेक्ट है। यहां रखी बैटरियों में सौर या पवन ऊर्जा से बनी बिजली को स्टोर कर जरूरत पड़ने पर किसी भी शहर को सप्लाई दी जा सकती है। रिकॉर्ड 10 महीने में बने इस सिस्टम से पूरे चंडीगढ़, इंदौर और गोवा जैसे शहरों को 24 घंटे बिजली दी जा सकती है। यह स्टोरेज 1.2 करोड़ एलईडी बल्ब 10 घंटे जलाकर रख सकता है।

### खवड़ा प्रोजेक्ट पेरिस से भी बड़ा



खवड़ा प्रोजेक्ट आकार (538 वर्ग किमी) में यह पेरिस शहर से भी पांच गुना बड़ा है। यहां दुनिया का सबसे बड़ा 30 गीगा वॉट का रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट बन रहा। इसमें से 9.9 गीगावॉट चालू हो चुका है। रिन्यूएबल एनर्जी स्टोरेज में चीन सबसे आगे है। उसके इनर मंगोलिया और शिनजियांग प्रांतों में दुनिया के सबसे बड़े बैटरी प्रोजेक्ट्स स्थित हैं, जिनमें छगन हाडा प्रोजेक्ट की क्षमता 4 हजार मेगा वॉट घंटा है। ये बैटरियां माइनस 35 डिग्री सेल्सियस में भी बिना रुके काम करती हैं।यहीं पर बैटरी स्टोरेज तकनीक एक गेम चेंजर के रूप में सामने आती है। खावड़ा में स्थापित यह अत्याधुनिक बैटरी सिस्टम अतिरिक्त रिन्यूएबल पावर को स्टोर करने में सक्षम है।

## एवरेस्ट से नहीं लाया जाएगा पर्वतारोही अरुण तिवारी का शव, परिवार ने कहा वह अब हिमालय का हिस्सा



एवरेस्ट से पिछले सप्ताह उतरते समय चली गई थी जान

तिवारी हैदराबाद की आईटी कंपनी में वरिष्ठ अधिकारी थे

**हैदराबाद।** हैदराबाद के 53 वर्षीय पर्वतारोही और टेक प्रोफेशनल अरुण कुमार तिवारी के परिवार ने फैसला किया है कि उनका शव माउंट एवरेस्ट पर ही रहने दिया जाएगा। अरुण तिवारी की पिछले हफ्ते एवरेस्ट से उतरते समय हिलेरी स्टेप के पास मौत हो गई थी। परिवार ने कहा कि यह फैसला सिर्फ पैसों की वजह से नहीं लिया गया, बल्कि उनकी धार्मिक आस्था, हिमालय के प्रति अरुण तिवारी के प्रेम और शव को वापस लाने की बेहद कठिन प्रक्रिया को देखते हुए लिया गया है। जिस जगह उनकी मौत हुई, उसे डेथ जोन कहा जाता है, जहां से शव लाना बेहद जोखिम भरा माना जाता है।

### निर्णय के प्रमुख कारण

**डेथ ज़ोन में जोखिम:** अरुण कुमार तिवारी की मृत्यु एवरेस्ट के 'डेथ ज़ोन' (लगभग 8790 मीटर की ऊंचाई) में हुई थी। इस अत्यधिक ऊंचाई से शव को नीचे लाने के लिए रेस्क्यू टीम को बहुत बड़ा वित्तीय और जानलेवा जोखिम उठाना पड़ता है। पायनियर एडवेंचर (अभियान संचालक) के अनुसार, इस अभियान का खर्च करीब 94,000 (लगभग 89 .7 लाख) आ रहा था।

**धार्मिक आस्था:** परिवार का मानना है कि अरुण भगवान शिव के निवास में समा गए हैं। चूंकि वे पहाड़ों और हिमालय से बेहद प्यार करते थे, इसलिए उनके परिजनों ने उन्हें पर्वतों की गोद में ही छोड़ना उचित समझा।

## मोदी से 12 साल बाद मिले विजय



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों की यह मुलाकात सेवा तीर्थ में हुई है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नकी तस्वीरें साझा की हैं। माना जा रहा है औपचारिक बातचीत के बाद तमिलनाडु के विकास पर चर्चा की है। कहा गया है कि सीएम विजय की पीएम मोदी से यह मुलाकात 12 साल बाद हुई है और सीएम बनने के बाद पहली बार हुई है।

## अन्नाद्रमुक के गुटों ने सुलह कर ली, विधायकों की अयोग्यता याचिकाएं वापस ली गईं

**चेन्नई (भाषा)।** करीब दो सप्ताह तक जारी मतभेदों के बाद अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के गुटों में बुधवार को सुलह हो गई। बागी खेमे ने दावा किया कि पार्टी में कोई विभाजन नहीं था, बल्कि केवल ₹मतभेद₹ थे, जिसके चलते षणमुगम-वेलुमणि गुट के कुछ विधायकों ने विश्वास मत के दौरान पार्टी प्रमुख ई. के. पलानीस्वामी की लाइन से अलग रुख अपनाते हुए तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) सरकार का समर्थन किया था। पार्टी सूत्रों ने बताया कि पूर्व राज्य मंत्री एस. पी. वेलुमणि के नेतृत्व में बागी विधायकों ने यहां ग्रीनवेज रोड स्थित पलानीस्वामी के आवास पर उनसे मुलाकात की और अन्नाद्रमुक महासचिव के प्रति समर्थन जताया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सी वे षणमुगम की अनुपस्थिति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी लेकिन वेलुमणि ने दावा किया कि वह उनके साथ हैं।

### अब पटियाला में सामने आया मामला

## नीले ड्रम में मिली लड़की की लाश, इलाके में फैली सनसनी

एजेंसी ▶▶ पटियाला



यहां की रेलवे कॉलोनी में एक नीले ड्रम में युवती की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर राजेंद्रा अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है।थाना अर्बन एस्टेट से मामले के जांच अधिकारी एएसआई गुरविंदर सिंह ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह एक फोन कॉल से पुलिस को सूचना मिली थी। डीसीडब्ल्यू पुल के पास कूड़े के ढेर पर एक नीले रंग का ड्रम पड़ा था। इसमें किसी लाश के होने की आशंका जताई गई थी। पुलिस टीम ने ड्रम से लाश को बाहर निकाला। यह लाश 15 से 20 साल की लड़की की थी। जिसके बाद फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक सबूत जुटाए। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

### कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन की तैयारियां पूरी

## सिद्धारमैया आज देंगे इस्तीफा डीके बनेंगे कर्नाटक के सीएम

- राज्यपाल से समय मांगा सुरजेवाला रहेंगे मौजूद



डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में लंबे समय से चली आ रही सीएम की कुर्सी की खींचतान को अब विराम लगता नजर आ रहा है। करीब तीन साल पहले राज्य में सत्तासीन हुई कांग्रेस में एक फॉर्मूले पर खूब चर्चा हुई थी। जिसमें माना गया था कि सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार ढाई-ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री बनेंगे। पहला कार्यकाल सिद्धारमैया को मिला। इसका समाधान निकाल लिया गया है और कांग्रेस हाईकमान ने भी सहमति दे दी है। गुरुवार को संभवतः मुख्यमंत्री सिद्धारमैया अपने पद से इस्तीफा देंगे और डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री बनेंगे। इसके बाद राज्य की कैबिनेट में सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र को मंत्री बनाया जाएगा और सिद्धारमैया को राज्यसभा भेजा जाएगा। सिद्धारमैया ने राजभवन जाकर राज्यपाल से मिलने का समय भी मांगा है। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला भी बेंगलुरु पहुंच रहे हैं।



## चिंतन

# एसआईआर आयोग का हक व निष्पक्षता के लिए जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कुछ गलत नहीं किया और उसे यह कराने का पूरा अधिकार है। बिहार की मतदाता सूची के एसआईआर का आदेश देकर आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम का भी कोई उल्लंघन नहीं किया। अदालत ने तीन सवालों की जांच की थी। क्या निर्वाचन आयोग के पास एसआईआर कराने की शक्ति है, क्या एसआईआर के तहत की गई जांच किसी वैध उद्देश्य पर आधारित है, और क्या अपनाई गई प्रक्रिया जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत या उनका उल्लंघन करने वाली है। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के पक्ष में निर्वाचन आयोग के तर्कों से सहमति जताई। कोर्ट ने दो टूक कहा कि इससे मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित हुई है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों में सहायता मिली है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने वे सभी नैरेटिव ध्वस्त कर दिए हैं, जो एसआईआर के खिलाफ फैलाए जा रहे थे। सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा कि एसआईआर मतदाता सूचियों में नाम हटाने की चरणबद्ध प्रक्रिया, दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर शामिल था। असल में एसआईआर का विरोध पूरी तरह से राजनीतिक था। विरोध कर रहे पक्ष ने कभी यह सवाल नहीं उठाया कि आयोग के किस कदम से एसआईआर की प्रक्रिया में गलत हो रहा है। वह आयोग के हर आंकड़े को अपने हिसाब से मनमाना बताने की कोशिश करता रहा। विपक्ष ने कई बार ऐसे तथ्य कोर्ट में पेश किए, जो पूरी तरह गलत थे। इस पर कोर्ट ने नाराजगी भी जताई। विपक्ष की शंकाओं का समाधान करने के लिए कोर्ट ने केवल पहचान पत्रों की संख्या बढ़ाई, बल्कि आयोग को वे सुरक्षा उपाय भी शामिल करने को कहा जिनकी मांग विपक्ष की ओर से की गई। असलियत तो यह थी कि विपक्ष ने कभी एसआईआर की शुद्धता पर जोर नहीं दिया। उसकी कोशिश पहले दिन से ही एसआईआर को रद्द कराने की रही। एसआईआर बहुत बड़ी प्रक्रिया है और करोड़ों लोगों का डाटा शुद्धता से मैच करना आसान नहीं है। हो सकता है उसमें कोई कमी रह जाए, लेकिन उसे ठीक कराने का विकल्प हर मतदाता के पास मौजूद था। विरोधाभासी तथ्य यह रहा कि खुद विपक्षी नेता वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का मुद्दा उठाते रहे और जब उसे ठीक करने की कोशिश हुई तो उसे रोकने में लग गए। सर्वोच्च अदालत ने साफ कर दिया कि एसआईआर संविधान की ऐसी प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य संविधान द्वारा संरक्षित उद्देश्यों को आगे बढ़ाना है। इस फैसले ने अन्य राज्यों में शुरू होने जा रही एसआईआर प्रक्रिया पर भी मुहर लगा दी है। यह फैसला बिहार में एसआईआर को लेकर है, लेकिन इसका असर अन्य राज्यों संबंधित विवादों पर भी नजर आएगा। पश्चिम बंगाल में अनेक लोगों का नाम अंतिम मतदाता सूची में नहीं आ सका था, इस मामले पर भी सुनवाई चल रही है। विपक्ष ने जोर-शोर से अपने समर्थकों के नाम काटने का आरोप लगाया था, लेकिन अब बंगाल में सरकार बदलने के बाद जिस तरह से बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठियों का जमावड़ा वापस जाने के लिए लगा हुआ है, वह चुनाव आयोग द्वारा बड़ी संख्या में घुसपैठियों का नाम काटने के कदम की पुष्टि ही करता है। सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए आयोग से कहा कि जिन लोगों के नाम नागरिकता की पुष्टि न होने की वजह से कटे हैं, वह उनका ब्योरा संबंधित विभाग को दे ताकि ऐसे लोगों पर कार्रवाई हो सके।



## विश्लेषण
**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

# एफटीए, सरल कानून से बढ़ेंगे रोजगार

> इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था से संबंधित वैश्विक आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों में दो बातें रेखांकित हो रही हैं। एक, पश्चिम एशिया संकट के कारण देश की विकास दर में तेजी से गिरावट आ रही है। दो, भारत के तेजी से बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भारत के हित में अधिक लाभप्रद बनाने के मद्देनजर पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) जान फूंकते हुए दिखाई दे सकेंगी। उम्मीद करें कि पश्चिम एशिया संकट की चुनौतियों के बीच हाल ही में देशभर में जमीनी स्तर पर चार नई श्रम संहिताओं के तहत लागू किए गए नए सरल श्रम कानून देश के बढ़ते व्यापार समझौतों के लाभप्रद क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाएंगे।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19वें रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा कि भारत द्वारा किए जा रहे वैश्विक व्यापार समझौते युवाओं के रोजगार व विकास को ध्यान में रखते हुए किए जा रहे हैं और इससे नए अवसरों के दरवाजे खुल रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था से संबंधित वैश्विक आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों में दो बातें रेखांकित हो रही हैं। एक, पश्चिम एशिया संकट के कारण देश की विकास दर में तेजी से गिरावट आ रही है। दो, भारत के तेजी से बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भारत के हित में अधिक लाभप्रद बनाने के मद्देनजर पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) जान फूंकते हुए दिखाई दे सकेंगी।

इन चार श्रम संहिताओं-मजदूरी संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा संहिता के तहत नए सरल श्रम कानून उद्योग-कारोबार को मजबूती और विकास की नई संभावनाओं को आकार देते हुए दिखाई दे सकेंगे। उल्लेखनीय है कि इस समय वैश्विक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया संकट के कारण घटती हुई विकास दर को थामने तथा विकास दर को बढ़ाने के मद्देनजर भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और एफटीए की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान वर्ष 2029 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। पिछले एक दशक में साइप्रस से भारत में निवेश लगभग दोगुना हुआ है। इसी तरह पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने पांच देशों- संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की आधिकारिक यात्रा के दौरान इन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार के महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। इनमें सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, रक्षा और क्रिटिकल मिनरल्स पर समझौते प्रमुख हैं। इन देशों की 50 बड़ी वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के द्वारा भारत में अपनी व्यापार विस्तार योजनाओं के लिए लगभग 40 अरब डॉलर की राशि का निवेश संकल्प जताया गया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस यात्रा के दौरान ओस्लो में संपन्न भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन यूरोप के नॉर्डिक क्षेत्र के साथ भारत के रिश्तों को व्यापक बनाने के मामले में अहम रहा है। नॉर्डिक देशों में उत्तरी यूरोप के डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन जैसे देश शामिल हैं। अब भारत इनके साथ पारंपरिक कूटनीतिक रिश्तों के बजाय गहन रणनीतिक साझेदारी की दिशा में बढ़ रहा है। नार्डिक देशों की कई बड़ी कंपनियों में से कई कंपनियां पहले से ही भारत में काफी अधिक निवेश कर चुकी हैं और उनका भारत में कुल निवेश लगभग 180 अरब डॉलर के आसपास है। नार्डिक देशों ने अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है और इसके बदले में भारत ने इन देशों की रक्षा कंपनियों को रक्षा उद्योग गलियारे में 100 फीसदी विदेशी निवेश पहुंच प्रदान करना सुनिश्चित किया है। उल्लेखनीय है कि भारत एफटीए की डगर पर भी तेजी से बढ़ रहा है। पिछले माह 27 अप्रैल को भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक ऐतिहासिक एफटीए पर हस्ताक्षर हुए हैं। न्यूजीलैंड के



साथ किए गए इस एफटीए का अत्यधिक मजबूत पक्ष भारत से सेवा निर्यात बढ़ाना और भारत से पेशेवरों को न्यूजीलैंड में अच्छे अवसरों के लिए आगे बढ़ाना भी है। यह एफटीए भारत की प्रतिभाओं, स्टार्टअप्स और नवाचार के लिए एक मजबूत बुनियाद प्रदान करता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि पिछले वर्ष 2025 में भारत के द्वारा ब्रिटेन और ओमान के साथ किए गए एफटीए का भी इसी वर्ष 2026 में आगामी महीनों में कार्यान्वयन शुरू होगा। साथ ही, भारत-यूरोपीय संघ एफटीए का क्रियान्वयन भी इसी वर्ष संभावित है। इस समझौते को सभी समझौतों की जननी कहा गया है।

अब मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए के और अधिक लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। कनाडा, इजराइल, रूस, पेरू, चिली, दक्षिण अफ्रीका और मैक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर काम में तेजी आएगी। निश्चित रूप से भारत के बढ़ते हुए व्यापार समझौतों के अत्यधिक सकारात्मक परिदृश्य के बीच भारत में लागू नए सरल श्रम कानूनों की नई लाभप्रद अहमियत दिखाई दे रही है। नए श्रम कानूनों से व्यापार समझौतों का प्रभावी रूप से लाभप्रद क्रियान्वयन होगा। नए श्रम कानूनों से श्रमिकों की सुरक्षा में वृद्धि और बेहतर रोजगार ढांचे के लिए नियमों का आधुनिकरण उभर कर दिखाई दे रहा है। वहीं, इनसे उद्योग-कारोबार को नई रफ्तार मिलेगी। ये श्रम कानून देश में स्वतंत्रता के बाद से सबसे व्यापक और प्रगतिशील श्रम-उन्मुख सुधार हैं। ये नई श्रम संहिताएं सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम और समय पर मजदूरी का भुगतान, सुरक्षित कार्यस्थल और नारी शक्ति व युवा शक्ति के लिए लाभकारी अवसरों के लिए एक मजबूत नींव के रूप में काम करेंगी। साथ ही भविष्य के लिए एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण करेंगी, जो श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा। निसंदेह, नई श्रम संहिताओं ने श्रम नियमों को सरल, निष्पक्ष और नए दौर के कामकाजी वातावरण के अधिक अनुकूल बना दिया है। ये नई संहिताएं श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने, सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा में सुधार करने, व्यवसायों के लिए नियमों का अनुपालन करना आसान बनाने और बढ़ती अर्थव्यवस्था में अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने के मद्देनजर अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं।

नई श्रम संहिताओं के तहत श्रमिकों, उद्योगों और सरकार के हितों से संबंधित बहुआयामी लाभ उभरकर दिखाई दे रहे हैं। अब नियोक्ताओं को सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र जारी करना होगा तथा गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों सहित पूरे श्रमबल को सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान करना होगा। न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने और 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच प्रदान की जाना भी सुनिश्चित की गई है। अब तय अवधि के लिए ठेके पर काम करने वाले कामगारों को स्थायी श्रमिकों के बराबर सभी लाभ मिलेंगे और वे 5 साल के बजाय सिर्फ एक साल बाद ग्रेच्युटी पाने के हकदार होंगे। हाल के दशकों में भारत से सेवाओं का निर्यात वस्तुओं की तुलना में कहीं तेजी से बढ़ा है। उम्मीद करें कि पश्चिम एशिया संकट की चुनौतियों के बीच हाल ही में देशभर में जमीनी स्तर पर चार नई श्रम संहिताओं के तहत लागू किए गए नए सरल श्रम कानून देश के बढ़ते व्यापार समझौतों के लाभप्रद क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाएंगे। इससे देश श्रमिकों के कल्याण के साथ उत्पादन वृद्धि, निर्यात वृद्धि, रोजगार वृद्धि और विकास दर वृद्धि की राह पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा।

*( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं। )*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## अर्थव्यवस्था
**सतीश सिंह**



# बचत और खर्च में असंतुलन से बढ़ रही आर्थिक मुश्किलें

वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितताओं के दौर से गुजर रही है। पश्चिम एशिया में लगातार बने तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, रुपये पर दबाव और महंगाई की मार ने आम भारतीय परिवारों के बजट को प्रभावित किया है। चिंता की बात केवल बाहरी आर्थिक परिस्थितियां नहीं हैं। असली चुनौती यह है कि भारतीय समाज, विशेषकर युवा और मध्यम वर्ग, धीरे-धीरे बचत की परंपरा से दूर होता जा रहा है और कर्ज आधारित उपभोग की आदतों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भारत परंपरागत रूप से बचत प्रधान समाज रहा है। परिवारों में कम आय के बावजूद भविष्य के लिए कुछ न कुछ बचाने की प्रवृत्ति रही है। बच्चों की पढ़ाई, बेटी की शादी, बीमारी, बुढ़ापा और आकस्मिक जरूरतों को ध्यान में रखकर लोग अपनी आय का एक हिस्सा अलग रखते थे। अब उपभोग की बदलती संस्कृति, आसान कर्ज, क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन, नो-कॉस्ट ईएमआई और फिनटेक ऐप्स ने खर्च करने की आदतों को बदल दिया है। पहले लोग जरूरत पड़ने पर कर्ज लेते थे, अब सुविधा और दिखावे के लिए भी कर्ज लेने लगे हैं।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि आय की वृद्धि उतनी तेज नहीं है, जितनी तेजी से खर्च और कर्ज की किस्तें बढ़ रही हैं। कई परिवारों की मासिक आय का बड़ा हिस्सा ईएमआई, क्रेडिट कार्ड बिल, किराया, बच्चों की फीस, इलाज, बिजली, यात्रा और दैनिक खर्चों में चला जाता है। इसके बाद बचत के लिए बहुत कम पैसा बचता है। परिणामस्वरूप परिवार की आर्थिक सुरक्षा कमजोर होती जाती है। किसी बीमारी, नौकरी छूटने, व्यवसाय में नुकसान या अचानक आए बड़े खर्च की स्थिति में ऐसे परिवार तुरंत कर्ज के जाल में फंस जाते हैं। मध्यम वर्ग इस दबाव को सबसे अधिक महसूस कर रहा है। इस वर्ग की आकांक्षाएं बड़ी हैं, लेकिन आय सीमित है। आमदनी का बड़ा हिस्सा जरूरी और गैर-जरूरी खर्चों में बंट जाता है। खर्च के पैटर्न में भी बड़ा बदलाव आया है। पारंपरिक घरेलू खर्चों की जगह अब बाहर खाना, प्रोसेस्ड फूड, ऑनलाइन खरीदारी, महंगे मोबाइल, गैजेट्स, फैशन, मनोरंजन और यात्राओं पर खर्च बढ़ा है। विदेश यात्राओं और महंगी जीवनशैली को सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाने लगा है। क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन इस असंतुलन के सबसे बड़े कारणों में हैं। क्रेडिट कार्ड सुविधा देता है, लेकिन अनुशासन न हो तो वही सुविधा महंगा बोझ बन जाता है। यदि समय पर पूरा भुगतान न किया जाए, तो ब्याज और दंड शुल्क मिलकर कर्ज को कई गुना बढ़ा देते हैं। इसी तरह पर्सनल लोन तुरंत राहत देता है, लेकिन ऊंची ब्याज दर के कारण लंबे समय तक आय पर दबाव बनाए रखता है। कई युवा बिना दीर्घकालिक योजना के छोटे-छोटे खर्चों के लिए भी कर्ज लेने लगे हैं। इससे उनकी वित्तीय स्वतंत्रता धीरे-धीरे कम होती जाती है। आर्थिक दबाव का असर केवल बैंक खाते तक सीमित नहीं रहता। यह मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक संबंधों और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है।

जब व्यक्ति कर्ज चुकाने में असमर्थ होता है, तो तनाव, अवसाद, झुंझलाहट और पारिवारिक कलह बढ़ने लगती है। सबसे पहले व्यक्ति को अपनी आय और खर्च का स्पष्ट हिसाब रखना चाहिए। हर परिवार को मासिक बजट बनाना चाहिए और खर्चों को तीन श्रेणियों में बांटना चाहिए-जरूरी खर्च, उपयोगी खर्च और दिखावटी खर्च। "पहले बचत, फिर खर्च," की प्रवृति विकसित करने की जरूरत है। वेतन या आय प्राप्त होते ही कम से कम 10 प्रतिशत राशि बचत या निवेश के लिए अलग रखनी चाहिए। इसलिए बचत को खर्च के बाद बचा हुआ पैसा नहीं, बल्कि आय का पहला अनिवार्य हिस्सा मानना चाहिए। यह राशि एसआईपी, पीपीएफ, आवर्ती जमा, आपातकालीन फंड या अन्य सुरक्षित निवेश माध्यमों में लगाई जा सकती है। युवाओं को यह समझना होगा कि हर ईएमआई सुविधा नहीं होती और हर डिस्काउंट बचत नहीं होता। खरीदारी से पहले यह प्रश्न जरूर पूछना चाहिए कि यह खर्च जरूरत है, सुविधा है या केवल दिखावा। निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि आर्थिक स्थिरता केवल अधिक कमाकर नहीं आती। वह सही खर्च, नियमित बचत, नियंत्रित कर्ज और वित्तीय अनुशासन से आती है। कम आय वाला व्यक्ति भी यदि योजनाबद्ध ढंग से खर्च और बचत करे, तो आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सकता है। इसके विपरीत अधिक आय वाला व्यक्ति भी यदि बिना सोच-विचार के खर्च करे, तो आर्थिक संकट में फंस सकता है। आज भारतीय समाज को फिर से बचत की संस्कृति की ओर लौटने की जरूरत है, लेकिन आधुनिक वित्तीय समझ के साथ।

*( लेखक वरिष्ठ बैंकिंग एवं आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं। )*

## जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित
**दर्शन**

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

## मंत्र का असर



संकलित
**प्रेरणा**

एक निर्धन औरत एक साधु के पास गई, 'स्वामी जी! कोई ऐसा पवित्र मन्त्र लिख दीजिये जिससे मेरे बच्चों का रात को भूख से रोना बन्द हो जाये...।' साधु ने कुछ पल एकटक आकाश की ओर देखा फिर अपनी कुटिया में अन्दर गया और एक पीले कपड़े पर एक मन्त्र लिखकर उसे ताबीज की तरह लपेट-बाँधकर उस महिला को दे दिया। साधु ने कहा, 'इस मन्त्र को घर में उस जगह रखना, जहाँ अपनी मेहनत की कमाई का धन रखती हो।' महिला खुश होकर चली गई। ईश्वर कृपा से उस दिन उसके पति की आमदनी ठीक हुई और बच्चों को भोजन मिल गया। रात शान्ति से कट गई। अगले दिन भोर में ही उन्हें पैसों से भरी एक थैली घर के आंगन में मिली। थैली में धन के अलावा एक पर्चा भी निकला, जिस पर लिखा था, कोई कारोबार कर लें... इस बात पर अमल करते हुवे उस औरत के पति ने एक छोटी सी दुकान किराए पर ले ली और काम शुरू किया। धीरे धीरे कारोबार बढ़ा, तो दुकानें भी बढ़ती गईं...। जैसे पैसों की बारिश सी होने लगी...। पति की कमाई तिजोरी में रखते समय एक दिन उस महिला की नज़र उस मन्त्र लिखे कपड़े पर पड़ी...। 'न जाने, साधु महाराज ने ऐसा कौन सा मन्त्र लिखा था कि हमारी सारी तंगी दूर हो गई?' सोचते सोचते उसने वह मन्त्र वाला कपड़ा खोल डाला...। जिस लिखा था कि.. जब पैसों की तंगी समाप्त हो जाये, तो सारा पैसा तिजोरी में छिपाने की बजाय कुछ पैसे ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाजें आती हों..!!

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### संस्कारों के अभाव में बच्चे बन जाते हैं हिंसक

कोई भी मां-बाप नहीं चाहते हैं कि उनके बच्चे जिंदगी में कभी भी पथभ्रष्ट हों, लेकिन फिर भी कुछ लोगों के बच्चे पथभ्रष्ट हो जाते हैं। इसके मुख्य कारण बच्चों की परवरिश में कमी और इन्हें अच्छे संस्कार न मिलना भी है। अपने बच्चे सभी को प्यारे होते हैं, लेकिन बच्चों की गलतियों को अनदेखा करना बहुत गलत होता है। कुछ दिन पहले एक खबर पढ़ने को मिली कि दिल्ली में एक शादी समारोह में कम उम्र के लड़कों के बीच विवाद डीजे पर गाने को लेकर इस कदर हो गया कि इनमें एक लड़के की हत्या ही कर दी गई। ऐसी ही खबरें अक्सर पढ़ने और सुनने को मिलती हैं। सवाल तो यह है कि बच्चे, किशोर, नाबालिग आखिर क्यों पथभ्रष्ट होकर अनैतिक और अपराधी मामलों को अंजाम दे रहे हैं?

*- रजनी तागरा, रोहतक*

## करंट अफेयर

# संरा सुरक्षा परिषद को 'जीवंत संस्था' बनाने की जरूरत

भारत ने चीन की अध्यक्षता में हुई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में वीटो का अधिकार रखने वाले स्थायी सदस्यों के बीच मतभेदों को उजागर किया। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि परिषद एक जीवंत संस्था होनी चाहिए, न कि कोई जीवाश्म जिसकी स्थिर संरचना 1945 के कंप्यूटर संस्करण पर उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) संबंधी प्रौद्योगिकियों को चलाने के समान हो। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने कहा, संयुक्त राष्ट्र परिषद की सक्रियता का दौर अब समाप्त हो चुका है, और दुनिया अब विभाजन और टकराव से ग्रस्त है। वीटो अधिकार वाले स्थायी सदस्यों के स्तर पर परिषद विभाजित नजर आ रही है। संयुक्त राष्ट्र में कार्यकुशलता और उत्पादकता बढ़ाने की मांग पहले से कहीं अधिक प्रबल है पर्वतनेनी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को बनाए रखना और संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को मजबूत करना विषय पर हो रही चर्चा को संबोधित कर रहे थे। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार सुबह उक्त विषय पर चर्चा के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। अमेरिका, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन, और चीन 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' के वीटो का अधिकार रखने वाले पांच स्थायी सदस्य हैं।



## ऑफ बीट

# कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में

फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था - कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।



## ट्रेंड

### प्रौद्योगिकी का समावेश



मोदी सरकार गरीबी उन्मूलन योजनाओं को अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के लिए उनमें प्रौद्योगिकी का समावेश कर रही है। इसी दिशा में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सार्वक-पीडीएस चरण-2 के लिए 25,530 करोड़ की राशि स्वीकृत की है।

*- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री*

### सीबीएसई परीक्षा परिणाम



सीबीएसई परीक्षा परिणामों में बड़े पैमाने पर हेराफेरी हुई है, जिससे देशभर के लाखों बच्चे और उनके माता-पिता सदमे में हैं। मोदी जी हमेशा की तरह- कोई जवाब नहीं, कोई जवाबदेही नहीं, कोई शर्म नहीं।

*-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस*

### भाजपा-कांग्रेस संबंध



केंद्रीय एजेंसियों का भाजपा द्वारा क्षेत्रीय विपक्षी दलों को निशाना बनाने और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए किया गया एक और घोर दुरुपयोग है। कांग्रेस द्वारा 'निष्क्रियता' की शिकायत शुरू होते ही ईडी की तत्काल छापेमारी से भाजपा-कांग्रेस संबंधों पर सवाल उठते हैं।

*-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली*

### जनता से लूटपाट



तेल की कीमतें बढ़ाकर भाजपा हाल के चुनावों में खर्च किए गए पैसे की भरपाई कर रही है। उसका बस एक ही सिद्धांत है कि उसका और उसके लोगों का खजाना कभी खाली न हो, भले ही इसके लिए जनता की जेबों से लूटपाट क्यों न करनी पड़े।

*-अखिलेश यादव, सांसद, सपा*

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

ऑरेंज कैप



वैभव सूर्यवंशी
680 रन
राजस्थान

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
26 विकेट
बेंगलुरु

# आईसीसी रैंकिंग : बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने लगाई जबरदस्त छलांग

एजेंसी ▶▶| दुबई

पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने ताजा आईसीसी मेंस टेस्ट रैंकिंग में काफी सुधार किया है। अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम उन खिलाड़ियों में से एक रहे, जिन्हें सबसे ज्यादा फायदा हुआ।

दाएं हाथ के 39 वर्षीय बल्लेबाज ने पाकिस्तान के विरुद्ध टेस्ट सीरीज की चार पारियों में सर्वाधिक 259 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन के साथ मुशफिकुर रहीम ने बल्लेबाजी रैंकिंग में 10 पायदान की छलांग लगाते हुए संयुक्त रूप से 16वां स्थान हासिल कर लिया है। इनके अलावा, बांग्लादेशी बल्लेबाज लिटन दास को भी जबरदस्त फायदा मिला, जिन्होंने सीरीज के दौरान 239 रन बनाकर 14 स्थान की छलांग लगाई और 24वें स्थान पर पहुंच गए।

पाकिस्तान को क्लीन स्वीप करने का मिला फायदा



### बांग्लादेशी कप्तान लिटन दास ने मारी छलांग

इतना ही नहीं बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने भी 14 स्थानों की छलांग मारी है। वे अब 650 की रेटिंग के साथ नंबर 24 पर पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम को भी केवल एक ही स्थान का फायदा मिला है, वे 22वें नंबर पर हैं। उनकी रेटिंग 663 की है। सलमान अली आगा को भी दो स्थानों का हल्का सा फायदा हुआ है। वे अब 27वें स्थान पर हैं। इनके आगे जाने से कई बल्लेबाजों को नुकसान उठाना पड़ा है।

### बांग्लादेशी गेंदबाजों को भी फायदा

इस सीरीज के बाद बांग्लादेशी गेंदबाजों को भी फायदा मिला है। बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम को आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में 2 स्थान का फायदा मिला, जिन्होंने 11वें स्थान पर पहुंचकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग भी हासिल कर ली। ऑफ-स्पिनर मेहदी हसन मिराज दो स्थान ऊपर चढ़कर 25वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने 10 स्थान की छलांग लगाकर 54वां स्थान हासिल किया। तैजुल इस्लाम ने आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में भी 3 पायदान की छलांग लगाते हुए 29वां स्थान हासिल कर लिया। दूसरी तरफ, सीरीज में हार के बावजूद, पाकिस्तानी तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद सिलहट में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में वापसी के बाद आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में 49वें स्थान पर फिर से शामिल हो गए।




### टेस्ट के नंबर एक बल्लेबाज रूट

इस बीच इंग्लैंड के जो रूट अभी भी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। उनकी रेटिंग 880 की है। 857 की रेटिंग के साथ हैरी ब्रूक दूसरे नंबर पर हैं। ट्रेविड हेड की रेटिंग 853 है और वे नंबर तीन पर हैं। स्टीव स्मिथ 831 की रेटिंग के साथ नंबर 4 पर बने हुए हैं। केन विलियमसन नंबर 5 पर हैं। टॉप 5 में कोई भी भारतीय बल्लेबाज नहीं है। भारत के लिए बेस्ट रैंकिंग वाले बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैं, जिनकी रेटिंग अभी 750 की है और वे आठवें नंबर पर हैं। शुभमन गिल 730 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर हैं।

## खबर संक्षेप



### एशियाई रिले की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** चंडीगढ अगले साल होने वाली एशियाई एथलेटिक्स रिले और भुवनेश्वर 2028 एशियाई इंडोर चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। एशियाई एथलेटिक्स संघ (एएए) की कार्यकारी परिषद की हांगकांग में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। यह बैठक 28 से 31 मई तक होने वाली एशियाई अंडर 20 चैंपियनशिप से पहले आयोजित की गई थी। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और हांगकांग में एएए की बैठक में भाग लेने वाले आदिले सुमरिवाला ने कहा,' भारत को एशियाई रिले की मेजबानी मिली है, जो चंडीगढ़ में 2027 में होगी। वहीं एशियाई इंडोर चैंपियनशिप 2028 में भुवनेश्वर में होगी।' भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने पिछले साल दोनों टूर्नामेंटों की मेजबानी के लिये दावा किया था ।

### सरीन ने ईस्पोर्ट्स विश्व कप में किया क्वालीफाई



**मुंबई।** भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने चैंपियंस शतरंज टूर (सीसीटी) लीडरबोर्ड के जरिए पेरिस में होने वाले आगामी ईस्पोर्ट्स विश्व कप (ईडब्ल्यूसी) की शतरंज स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। ईस्पोर्ट्स और गेमिंग कंटेट कंपनी एस8यूएल का प्रतिनिधित्व करने वाले सरीन अब तक इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं और अपने साथी अरविंद चिदंबरम के साथ शामिल हो गए। इस साल 11 से 15 अगस्त तक चलने वाली ईडब्ल्यूसी शतरंज प्रतियोगिता में 14.3 करोड़ रुपए (15 लाख डॉलर) की पुरस्कार राशि होगी। ईडब्ल्यूसी कुल मिलाकर 6 जुलाई से 23 अगस्त तक चलेगा, जिसमें 100 से ज्यादा देशों के 200 क्लबों के 2 हजार से ज्यादा खिलाड़ी 718 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि के लिए मुकाबला करेंगे। सीसीटी सत्र की दो मुख्य स्पर्धा स्पीड शतरंज चैंपियनशिप 2025 और शतरंज डॉट ओपन 2026 शामिल हैं।

### दिग्गज शूटर रणधीर सिंह का निधन



**नई दिल्ली।** अनुभवी खेल प्रशासक और एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता रणधीर सिंह का उम्र संबंधित बीमारियों से जूझने के बाद निधन हो गया, जिससे भारतीय खेल जगत के एक ऐसे युग का अंत हो गया, जिस पर उन्होंने विभिन्न भूमिकाओं में अपनी अमिट छाप छोड़ी थी। कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद 79 वर्ष के सिंह नेअपने आवास पर अंतिम सांस ली। सिंह के परिवार में उनकी पत्नी विनीता और तीन बेटियां महिमा, सुनयना और राजेश्वरी हैं। राजेश्वरी भी एक निशानेबाज हैं। स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के कारण सिंह ने हाल में एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें 2024 में चार साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था जबकि वह 1991 से 2015 तक इस संस्था में महासचिव रह चुके थे।

### वैभव ने 97 रन की तूफानी पारी खेलकर मैच का रुख बदला

# सूर्यवंशी, जुरेल और आर्चर के तूफान में उड़ा सनराइजर्स, रॉयल्स 47 रन से जीते

भाषा ▶▶| मुल्लांपुर

वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल के तूफानी अर्धशतक के बाद जोफ्रा आर्चर की धारदार गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में बुधवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को 47 रन से हरा दिया। रॉयल्स के 244 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स की टीम आर्चर (58 रन पर तीन विकेट), रविंद्र जडेजा (21 रन पर दो विकेट) और नांद्रे बर्गर (26 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 19.2 ओवर में 196 रन पर सिमट गई और टूर्नामेंट से बाहर हो गई। टीम की ओर से नितीश कुमार रेड्डी ने सर्वाधिक 38 रन बनाए जबकि सलील अरोड़ा (35) और इशान किशन (33) ने भी उपयोगी पारियां खेली लेकिन टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी। रॉयल्स की टीम अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को दूसरे क्वालीफायर में यहीं गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी। रॉयल्स ने सूर्यवंशी (29 गेंद में 12 छक्कों और पांच चौकों से 97 रन) और जुरेल (21 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों से 50 रन) के अर्धशतक से आठ विकेट पर 243 रन बनाए। सूर्यवंशी ने यशस्वी जायसवाल (29) के साथ पहले विकेट के लिए सिर्फ आठ ओवर में 125 रन जोड़कर रॉयल्स को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई। सनराइजर्स की ओर से प्रफुल्ल हिंगे सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 54 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

■ राजस्थान का अगला मुकाबला कल गुजरात टाइटंस से होगा





### वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के सबसे तेज शतक से चूके

**मुल्लांपुर।** राजस्थान रॉयल्स के स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी बुधवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी टीम के एलिमिनेटर मुकाबले के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास का सबसे तेज शतक बनाने से चूक गए लेकिन उन्होंने एक सत्र में सबसे अधिक छक्के लगाने का क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। दुनिया की सबसे अधिक कमाई वाली टी20 लीग में अपना दूसरा सत्र खेल रहे 15 साल के सूर्यवंशी जब 28 गेंद पर 97 रन बनाकर खेल रहे थे तब वह तिहरे अंकों तक पहुंचने से बस एक हिट दूर थे। लेकिन वह आईपीएल का सबसे तेज शतक जड़ने से चूक गए क्योंकि अगली ही गेंद पर उन्होंने प्रफुल हिंगे की एक शॉर्ट गेंद पर अपर कट खेला जो डीप थर्ड मैन पर खड़े आर स्मरण के हाथों में चली गई। सूर्यवंशी ने 12 छक्के और पांच चौके से 29 गेंद पर 97 रन बनाए। वेस्टइंडीज और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस गेल के नाम आईपीएल में सबसे तेज शतक (30 गेंद पर) का रिकॉर्ड है। उन्होंने आईपीएल 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से पुणे वारियर्स के खिलाफ 66 गेंद पर 175 रन की पारी खेली थी जिसमें 17 छक्के और 13 चौके शामिल थे। इस मुकाबले में उतरने से पहले सूर्यवंशी छक्कों के मामले में गेल से छह छक्के पीछे थे।



### इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में लय हासिल करने पर भारत की निगाहें

**चेम्सफोर्ड।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले महीने होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए अपनी अंतिम तैयारी के तौर पर गुरुवार से शुरू हो रही तीन मैच की श्रृंखला में मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ अपनी निरंतरता दोबारा हासिल करने और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन तय करने की कोशिश करेगी। टी20 विश्व कप 12 जून से शुरू हो रहा है और इस वैश्विक टूर्नामेंट को देखते हुए हरमनप्रीत कौर की टीम के लिए यह दौरा और भी ज्यादा अहम हो जाता है। भारतीय टीम ने पिछले एक साल में कई बार शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन लगातार लय बनाए रखने में उसे संघर्ष करना पड़ा है।

महिला टी20 विश्व कप

## ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेगी 'विकेड' की कास्ट



एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला टी20 विश्व कप 2026 का पहला मुकाबला श्रीलंका और इंग्लैंड के बीच 12 जून को खेला जाएगा। इस मैच से पहले ओपनिंग सेरेमनी होगी। ओपनिंग सेरेमनी में 'विकेड' की कास्ट लाइव परफॉर्म करेगी। इसकी घोषणा आईसीसी ने की है। वैश्विक खेल इतिहास में पहली बार, विकेड स्टार्स एमा किंग्स्टन और जिजी स्ट्रेलन एल्फाबा और ग्लिंडा के तौर पर कंपनी को लीड करेंगी। वे पहली गेंद फेंके जाने से पहले दुनिया भर में सबसे सफल म्यूजिकल शो में से एक के मशहूर गाने गाएंगी।

### प्रतियोगिता को वर्ल्ड-क्लास एंटरटेनमेंट के साथ मिलाने का मकसद

आईसीसी ने कहा, यह कोलेबोरेशन उस मकसद का हिस्सा है, जिसके तहत आईसीसी महिला टी20 विश्व कप को खेल से आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे संस्कृति से जुड़े पल बनेंगे, जो एलीट प्रतियोगिता को वर्ल्ड-क्लास एंटरटेनमेंट के साथ मिलाएंगे और टूर्नामेंट को सबसे बड़े वैश्विक लाइव-इवेंट अनुभव में से एक बनाएंगे। लंदन के वेस्ट एंड में 'विकेड' की 20वीं सालगिरह पर, यह परफॉर्मेंस एजबेस्टन को लाइव थिएटर और एलीट स्पोर्ट के एक रात के मैच में बदल देगा, जो अब तक की सबसे बड़ी महिला टी20 विश्व कप की ओपनिंग नाइट के लिए दो वैश्विक स्टेज के ड्रामा और तमाशे को एक साथ लाएगा।

फ्रेंच ओपन

## सिनर की 30वीं जीत, दूसरे दौर में धमाकेदार एंट्री



एजेंसी ▶▶| पेरिस

दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी यानिक सिनर पिछले साल की निराशा वाली जगह पर एक शानदार प्रदर्शन के साथ लौटे और फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में धमाकेदार एंट्री की।

इटैलियन खिलाड़ी सिनर ने अपने पहले राउंड के मुकाबले में फ्रेंच वाइल्ड कार्ड क्लेमेंट टैबुर को 6-1, 6-3, 6-4 से हराकर एक जबरदस्त प्रदर्शन किया। लाल बजरी पर सिनर की इस पहली जीत ने उन्हें इस सदी में लगातार 30 या उससे ज्यादा मैच जीतने वाले पुरुषों की एक छोटी सी लिस्ट में शामिल कर दिया है, जिसमें रोजर फेडरर, राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच भी शामिल हैं।

### एक साल पहले इसी कोर्ट में हारे थे सिनर

सिनर के लिए, फ्रेंच ओपन में वापसी सिर्फ एक आम पहले राउंड के मुकाबले से कहीं ज्यादा मायने रखती थी। 12 महीने पहले, इसी कोर्ट पर उन्हें अपने करियर की सबसे दर्दनाक हार में से एक का सामना करना पड़ा था, जब फाइनल में कार्लोस अल्काराज के खिलाफ उन्होंने तीन चैंपियनशिप पॉइंट गंवा दिए थे। लेकिन अगर उस हार के कोई जख्म बाकी भी थे, तो टैबुर के खिलाफ उनके शांत और सधे हुए प्रदर्शन में उनका कोई निशान नहीं दिखा।

### वापस आकर बहुत खुश हूं : सिनर

सिनर ने कहा, मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह एक बहुत ही खास जगह है और यहां मेरी बहुत अच्छी यादें जुड़ी हैं। पहले राउंड के मैच कभी आसान नहीं होते, लेकिन टूर्नामेंट की शुरुआत करना और भी खास होता है।

## कपिल देव की पहल से भारतीय गोल्फ में हो रहा बदलाव : जोहल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के सीईओ अमनदीप जोहल ने कहा है कि पूर्व क्रिकेटर कपिल देव की भारतीय गोल्फ में बड़े प्रायोजक लाने और इनामी राशि बढ़ाने की कोशिश से देश के खिलाड़ियों के लिए ओलंपिक में क्वालीफाई करने और दुनिया भर में मुकाबला करने के बेहतर रास्ते बन रहे हैं। जून 2024 में भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) का अध्यक्ष बनने के बाद से कपिल ने भारत में गोल्फ के क्षेत्र में बड़ा वित्तीय और संचालन बदलाव किया है।

### इनामी राशि में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी

जोहल ने कहा, 'कपिल देव के नेतृत्व में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई भारत में पेशेवर गोल्फ खेलने के तरीके को बदल रहा है। सबसे पहले यह इनामी राशि बढ़ाकर और पूरे देश में होने वाले टूर्नामेंट की संख्या बढ़ाकर ऐसा कर रहा है। पिछले एक साल में हमने प्रतियोगिताओं की संख्या के साथ-साथ इनामी राशि में भी लगभग 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाई है।' उन्होंने कहा, 'गोल्फ समुदाय कपिल देव का आभारी है कि उन्होंने अपना नाम इस खेल से जोड़ा और इसके विकास में अपना पूरा जोर लगाया।

### एफआईएच प्रो लीग में हरमनप्रीत की वापसी

**नई दिल्ली।** कप्तान और शानदार ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगले महीने होने वाली एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कप्तानी करने के लिए वापसी हुई। एफआईएच प्रो लीग अगस्त में होने वाले विश्व कप से पहले तैयारी के लिए एक अहम टूर्नामेंट होगा। हरमनप्रीत ने निजी कारणों का हवाला देते हुए फरवरी में प्रो लीग का होबार्ट चरण नहीं खेला था। भारतीय टीम 7 से 9 जून तक ट्रेनिंग और एक मैत्री मैच के लिए ब्रसेल्स जाएगी। इस संक्षिप्त शिविर के बाद भारतीय टीम प्रो लीग के मुकाबलों के लिए 10 जून से नीदरलैंड के रॉटरडैम में रहेगी, जहां उसे उसे 14 से 21 जून के बीच जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ मैच खेलने हैं।



## सुमित अंतिल ने इंडियन ओपन अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

भाषा ▶▶| बेंगलुरु

स्टार भारतीय पैरा एथलीट सुमित अंतिल ने बुधवार को यहां इंडियन ओपन अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की भाला फेंक एफ64 स्पर्धा में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता 27 वर्षीय अंतिल ने भाले को 74.82 मीटर की दूरी तक फेंका जो उनके 73.29 मीटर के पिछले विश्व रिकॉर्ड से अधिक है। यह रिकॉर्ड उन्होंने 2022 एशियाई पैरा खेलों में बनाया था। अंतिल पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी स्पर्धा में दबदबा बनाए हुए हैं और उन्होंने निकट भविष्य में 80 मीटर का आंकड़ा पार करने का लक्ष्य भी रखा है। उन्होंने 2020 और 2024 के पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं और 2023, 2024 और 2025 में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का खिताब भी अपने नाम किया है। उन्होंने चीन के हांगझोऊ में हुए 2022 एशियाई पैरा खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था।




### प्रज्ञानानंदा और कार्लसन 1.5-1.5 अंक से निचले पायदान पर

# नॉर्वे चेस : भारतीय चुनौती कमजोर, गुकेश-प्रज्ञानानंदा निराश

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

भारतीयों के लिए नॉर्वे शतरंज का दूसरा दिन निराशाजनक रहा, जिसमें विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने आर्मागेडन दौर में वेस्ली सो के सामने घुटने टेक दिए तो वहीं आर.प्रज्ञानानंदा को शानदार फॉर्म में चल रहे फ्रांसीसी खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा से हार मिली।

फिरोजा ने लगातार दो जीत से 6 अंक से टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन को एक बार फिर जर्मन के विंसेंट कीमर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन सात बार के चैंपियन ने आखिरकार आर्मागेडन में जीत हासिल कर ली। दूसरे दौर के आर्मागेडन दौर में निराशाजनक नतीजे के बावजूद गुकेश 2.5 अंक से वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने रहे। प्रज्ञानानंदा और कार्लसन जैसे दिग्गज खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 1.5-1.5 अंक के साथ सबसे निचले पायदान पर रहे।




### आर्मागेडन हार से काफी निराश गुकेश

गुकेश आर्मागेडन हार से काफी निराश थे, जो उनके चेहरे से साफ झलक रहा था। वह मैराथन क्लासिकल मुकाबले में दबाव बनाए हुए थे और ऐसा लग रहा था कि वह जीत की ओर आसानी से बढ़ रहे हैं, लेकिन सो किसी तरह 116 चाल में मैच ड्रॉ कराने में कामयाब रहे। इसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने आर्मागेडन में भारतीय खिलाड़ी को पूरी तरह से पछाड़ दिया और 1.5 अंक हासिल किए और विश्व चैंपियन को निराश कर दिया।

### 'आर्मागेडन' के खेलने में बहुत मजा आ रहा



दिव्या ने कहा, 'मुझे यहां 'आर्मागेडन' के खेलने में बहुत मजा आ रहा है मुझे 'क्लासिकल' भी पसंद आ रहे हैं क्योंकि उनमें समय की कोई अतिरिक्त बढ़त नहीं मिलती। यह मेरा पहला नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट है, इसलिए यह अनुभव सचमुच बहुत रोमांचक रहा है।

### जीत से हम्पी का मनोबल और बढ़ा

महिलाओं की स्पर्धा में दिव्या देशमुख अपने पहले 'नॉर्वे शतरंज' अनुभव का भरपूर आनंद लेती हुई नजर आईं। पिछले साल के महिला विश्व कप में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरु हम्पी पर अपनी यादगार जीत की तरह ही उन्होंने एक बार फिर आर्मागेडन दौर में इस अनुभवी भारतीय खिलाड़ी को मात दी। इस जीत से उनका मनोबल और बढ़ा और तीन अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। कजाखस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा 4.5 अंक के साथ शीर्ष पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं।

## यूएन में भारत ने पाक को किया बेनकाब

# सीमापार आतंकवाद को दे रहा बढ़ावा, हर हमले का देंगे मुंहतोड़ जवाब

**पी. हरीश ने कहा कि पाकिस्तान, सीमापार आतंकवाद को वित्तपोषित कर बढ़ावा दे रहा है और यह संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का साफ उल्लंघन है**

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क


संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी राजदूत पी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस के दौरान पाकिस्तान को जमकर सुनाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, सीमापार आतंकवाद को वित्तपोषित कर बढ़ावा दे रहा है और यह संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का साफ उल्लंघन है।

हरीश पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद के भारत विरोधी बयान का जवाब दे रहे थे। अहमद ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों को बनाए रखने पर बहस के दौरान यह बयान दिया था।

**पाकिस्तान की ओर से हमले भारत की संप्रभुता का उल्लंघन**

**धार्मिक कट्टरवाद हिंसक चरमपंथ को बढ़ावा दे रहा पाक**

**पीओके से पाकिस्तान ने अपने सैनिकों को वापस नहीं बुलाकर यूएन की मांग को ठुकराया**



### भारत के खिलाफ बेबुनियाद बयानबाजी

भारतीय राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ कई बार बिना किसी उकसावे के हमले किए हैं। पाकिस्तान आतंकवाद, धार्मिक कट्टरवाद और हिंसक चरमपंथ को बढ़ावा दे रहा है और अपने गठन के बाद से ही भारत के खिलाफ बेबुनियाद बयानबाजी कर रहा है। भारत के पास पूरा अधिकार है कि वह पड़ोसी देश की तरफ से हो रहे हमलों का मुंहतोड़ जवाब दे।

### कश्मीर भारत का अभिन्न अंग

हरीश ने स्पष्ट किया कि कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग बन गया है। यह उसके पूर्ण, कानूनी और अपरिवर्तनीय विलय के परिणामस्वरूप हुआ है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने कई युद्ध छेड़कर और सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित करके संप्रभुता का उल्लंघन किया है। सुरक्षा परिषद का 21 अप्रैल, 1948 का प्रस्ताव 47 पाकिस्तान को कश्मीर से अपने सैनिकों को वापस बुलाने के लिए कहता है। पाकिस्तान ने इस मांग का पालन नहीं किया है।

### निहित स्वार्थों के कारण यूएनएससी में नहीं हो रहे सुधार

*पी. हरीश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) 1945 की व्यवस्था में काम कर रही है। आठ दशक पुरानी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संरचना को बरकरार रखने और उसमें सुधार न करने के पीछे कुछ देशों के 'निहित स्वार्थ' हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के कुछ सदस्य देशों का एक छोटा समूह बाधा डाल रहा है, जो स्वयं को यूनाइटिंग फॉर कंसेंसस (यूएफसी) कहते हैं। इस समूह का नेतृत्व इटली कर रहा है। इसमें पाकिस्तान भी शामिल है। यह समूह बातचीत को आगे बढ़ने से रोकने के लिए प्रक्रियात्मक दांव-पेच का इस्तेमाल करता है। उन्होंने ने कहा कि हमें सदस्यता की स्थायी श्रेणी पर ध्यान देना चाहिए और उसका विस्तार करना चाहिए, जिससे इस परिषद की निर्णय लेने की प्रक्रिया में बदलाव आएगा।*

### यूएन की प्रभावशीलता कम हो रही



यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि बदली हुई परिस्थितियों के अनुसार न ढलने से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अधिकार, विश्वसनीयता, वैधता और प्रभावशीलता और भी कम हो जाएगी। एक सुरक्षा परिषद जो आज की दुनिया की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। वह अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से नहीं निभा सकती है।

## एसआईआर : सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर तमाम सियासी दलों ने दी प्रक्रियाएं

### भाजपा ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथ, सुधांशु बोले

# विपक्ष का चेहरा बेनकाब हो गया, कांग्रेस इतनों दिनों से करती रही मात्र दुष्प्रचार

### सर्वोच्च न्यायालय ने संपूर्ण विपक्ष के फैसलों और आरोपों की पोल खोल दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने बुधवार को राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने उनके आरोपों की पोल खोल दी है। यह प्रतिक्रिया उस समय आई जब सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को वैध और संवैधानिक करार दिया। पार्टी सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज सर्वोच्च न्यायालय ने एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पूर्णतः संविधान सम्मत घोषित कर दिया है। बिहार और पश्चिम बंगाल के चुनावों में राजनीतिक दृष्टि से करारी हार मिलने के बाद, अनर्गल बयानों और अफवाहों के बावजूद जनता से किसी भी प्रकार का समर्थन न मिलने के पश्चात मुझे लगता है कि अब विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी, नैतिक और संवैधानिक दोनों मोर्चों पर भी पूरी तरह पराजित हो चुकी है। लोकतंत्र की सभी संस्थाओं पर अपनी अकर्मण्यता और राजनीतिक अक्षमता को छिपाने के लिए आरोप-प्रत्यारोप, लांछन और अपमान का जो खेल खेला जा रहा था, वह आज पूरी तरह निष्फल साबित हो गया है।


**चुनावों में विपक्ष ने गलत नैरेटिव फैलाया**

**आयोग ने विधि के अनुसार काम किया**



#### विपक्ष की संवैधानिक धरातल पर हार हुई


त्रिवेदी ने भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे लगता है कि राजनीतिक पराजय के बाद और देश में अराजकता-अव्यवस्था उत्पन्न करने की नैतिक पराजय के बाद अब यह विपक्ष और कांग्रेस पार्टी की संवैधानिक धरातल पर भी पराजय हुई है। लोकतंत्र की समस्त संस्थाओं को अपनी राजनीतिक अक्षमता को ढंकने के लिए आरोपित करने और लांछित करने के सभी कुप्रयास आज सर्वोच्च न्यायालय के धरातल पर निष्फल सिद्ध हो गया।



#### राहुल और विपक्ष बेनकाब हो गया: भंडारी

फैसले के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी और कांग्रेस बेनकाब हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर प्रक्रिया को कानूनी और संवैधानिक घोषित कर दिया है।उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी शुरू से ही इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे थे क्योंकि कांग्रेस अवैध मतदाताओं के साथ खड़ी थी।

#### लोकतंत्र पर अनावश्यक सवाल न उठाएं: कोहली



भाजपा के वरिष्ठ नेता नलिन कोहली ने कहा कि चुनाव आयोग समय-समय पर मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन रखने के लिए इस तरह की एसआईआर चलाता है। चुनाव आयोग इसी संवैधानिक जिम्मेदारी को निभा रहा है। आयोग को चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है। अनावश्यक सवाल नहीं उठाना चाहिए।

#### चुनाव आयोग को जबरन बदनाम किया गया:अश्विनी



इस फैसले पर अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को खारिज कर दिया है, जिनमें 'मत चोरी' के दावे भी शामिल थे। हमने कोर्ट में कहा था कि एसआईआर प्रक्रिया हर पांच साल में होनी चाहिए। चुनाव आयोग को जबरन बदनाम किया गया।

#### मतदाताओं के अधिकारों का हनन न हो: कांग्रेस

बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन ने कहा कि एसआईआर करने की



जल्दबाजी में मतदाताओं को उनके मतदान के अधिकार से वंचित कर दिया जा रहा है। चुनाव आयोग के द्वारा वाजिब मतदाताओं की हकमारी न हो और इस प्रक्रिया के तहत एक भी वैध मतदाता के अधिकारों का हनन न हो।

#### टीएमसी ने दुरुपयोग पर उठाए थे सवाल: सौगत

टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा कि उनकी पार्टी सुप्रीम



कोर्ट के फैसले का सम्मान करती है, क्योंकि अदालत का फैसला ही कानून होता है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि तृणमूल कांग्रेस ने कभी एसआईआर प्रक्रिया को अवैध नहीं कहा, बल्कि उसके कथित दुरुपयोग पर सवाल उठाए थे।

### यूपी में ब्लास्ट की साजिश रच रहे 4 लड़के गिरफ्तार

**सहारनपुर।** यूपी में बुधवार को एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड और स्पेशल टास्क फोर्स ने पाकिस्तानी आतंकी मॉड्यूल के 4 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये भाजपा दफ्तरों, अस्पताल, स्कूल और अन्य कई संवेदनशील ठिकानों पर ब्लास्ट करने की साजिश रच रहे थे। संदिग्ध आतंकियों में 2 सहारनपुर के रहने वाले हैं। जबकि तीसरा हरिद्वार और चौथा मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। चारों को सहारनपुर से पकड़ा गया है। आरोपी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के कहने पर पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी और आबिद जट्ट के संपर्क में थे। जांच एजेंसियों का दावा है कि चारों आरोपियों के खिलाफ अहम सबूत मिले हैं।

### ईरान में फंसे 10 भारतीय नाविक रिहा

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के डायरेक्टरेट जनरल ऑफ शिपिंग ने एमवी हार्बर फिनिक्स में मौजूद 10



भारतीय नाविकों की सफल रिहाई का ऐलान किया है। ये नाविक जुलाई 2025 में ईरान के जस्क पोर्ट के पास जहाज रोके जाने के बाद हिरासत में लिए गए थे और बाद में उन्हें जेल भेज दिया गया था। करीब 9-10 महीनों बाद ये रिहा हुए। सभी नाविक अब सुरक्षित हैं और जल्द ही उनकी भारत वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## भारत-कनाडा के बीच बनी सहमति

# 50 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य, सीईपीए वार्ता भी शीघ्र होगी



पीयूष गोयल और कनाडा के वाणिज्य और उद्योग मंत्री मनिंदर सिद्धू

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और कनाडा ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने और वर्ष के अंत तक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) वार्ता को संपन्न करने के अपने साझा लक्ष्य की पुष्टि की है।

टोरंटो के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में ग्लोबल अफेयर्स कनाडा, सीआईआई और एसोचैम द्वारा आयोजित कनाडा-भारत बिल्डिंग ब्रिजेज कार्यक्रम में उन्होंने इस वर्ष नवंबर में भारत के लिए टीम कनाडा व्यापार मिशन की घोषणा की। प्रस्तावित मिशन का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता, महत्वपूर्ण खनिज, परमाणु ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, डिजिटल अवसंरचना और उन्नत विनिर्माण जैसे सेक्टरों में सहयोग के अवसरों का पता लगाने के लिए कनाडाई कंपनियों को भारत लाना है।

### कनाडाई कंपनियों को भारत आने का न्योता

*पीयूष गोयल ने टोरंटो में वरिष्ठ कनाडाई व्यापारिक नेताओं और संस्थागत निवेशकों के साथ उच्च स्तरीय बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाना और कार्यनीतिक सेक्टरों में निवेश और प्रौद्योगिकी साझेदारी को बढ़ावा देना था। पीयूष गोयल और कनाडा के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू के बीच अनौपचारिक बातचीत हुई। इसके बाद दोनों मंत्रियों की सह-अध्यक्षता में कनाडा-भारत निवेश गोलमेज सम्मेलन हुआ जिसमें कनाडा के प्रमुख वित्तीय निवेशकों, जिनमें पेंशन फंड और बैंक शामिल थे, के साथ-साथ भारत और कनाडा दोनों देशों के वरिष्ठ सरकारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। स्वच्छ ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, डिजिटल बुनियादी ढांचे, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण जैसे सेक्टरों में भारत के साथ साझेदारी करने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही, दोनों देशों के सतत विकास और साझा समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय बाजारों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों की खोज करने पर भी चर्चा की।*

## सुखना के पानी से बुझी कसौली के जंगलों की आग



### सेना ने 16 घंटे चलाया ऑपरेशन

*शिमला। कसौली के घने जंगलों में लगी भीषण आग को भारतीय सेना ने पूरी तरह बुझा दिया है। दिन-रात लगातार 15 घंटे से ज्यादा समय तक चले मेहनत भरे अभियान के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस काम में भारतीय सेना और भारतीय वायुसेना ने मिलकर बेहतरीन काम किया। 26 मई 2026 को दोपहर करीब 3 बजे कसौली के पश्चिमी ढलानों पर स्थित गिल्बर्ट ट्रेल और अपर मॉल इलाके में आग लगी। जंगल में सूखी घास, पाइन की पत्तियां और घना जंगल होने की वजह से आग बहुत तेजी से चारों तरफ फैलने लगी। वायुसेना के हेलीकॉप्टरों ने चंडीगढ़ स्थित सुखना झील से पानी भरा और बम्बी बकेट के जरिए आग पर पानी की बौछारें डालीं। हेलीकॉप्टरों की कई उड़ानें दिन और रात दोनों समय की गईं।*

## बॉम्बे हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# 'घर के काम से इंकार करे पत्नी तो नहीं दे सकते हैं तलाक'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शादी और महिलाओं के अधिकारों को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक बेहद महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा है कि शादी बराबरी की साझेदारी है, कोई सर्विस कॉन्ट्रैक्ट (नौकरी का अनुबंध) नहीं है। अदालत ने टिप्पणी की कि पत्नियों को 'नौकरानी' नहीं समझा जा सकता। अगर कोई पत्नी घर का



काम करने या खाना बनाने में असमर्थ है या मना करती है, तो इसे पति के प्रति 'मानसिक क्रूरता' नहीं माना जा सकता और इस आधार पर तलाक नहीं दिया जा सकता। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजूषा देशपांडे की बेंच ने मुंबई की एक फैमिली कोर्ट के साल 2010 के फैसले को पूरी तरह पलट दिया।

## भारत से मंगोलिया पहुंचेगा बौद्ध धरोहर का संदेश

# पवित्र अवशेषों की उलानबटार में विशेष 'प्रदर्शनी' होगी आयोजित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, इंटरनेशनल बौद्ध कन्फेडरेशन (आईबीसी) और नई दिल्ली के नेशनल म्यूजियम के सहयोग से भगवान बुद्ध के प्रमुख शिष्यों अर्हत सारिपुत्र और अर्हत मौद्गल्या-यन के पवित्र अवशेषों की एक विशेष प्रदर्शनी मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में आयोजित की जाएगी। यह आयोजन 1 से 10 जून तक गंडेन मठ में होगा। यह पहल भारत और मंगोलिया के बीच गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों की कड़ी है।



### पीएम ने किया था ऐलान

*पीएम मोदी ने 14 अक्टूबर 2025 को ऐलान किया था कि भगवान बुद्ध के दो महान शिष्यों सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन के पवित्र अवशेष भारत से मंगोलिया भेजे जाएंगे। यह कदम दोनों देशों के बीच बौद्धिक और धार्मिक संबंधों को और गहरा करेगा। बौद्ध परंपरा में सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन को भगवान बुद्ध के सबसे प्रमुख शिष्यों में माना जाता है।*

## ट्रैकिंग सिग्नल बंद कर लोड किया एलएनजी

# होर्मुज से सुरक्षित निकला भारत के लिए गैस लेकर आ रहा टैंकर

**फारस की खाड़ी में स्थित दास आइलैंड एक्सपोर्ट प्लांट से गैस लोड की**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी का लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) ले जा रहा एक और बड़ा टैंकर दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री रास्ते होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर चुका है। शिप-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार इस गैस शिपमेंट की अगली मंजिल भारत है। कंपनी द्वारा संचालित टैंकर उम अल अश्तान ओमान के मस्कट शहर के उत्तर-पश्चिम में दोबारा देखा गया है। यह टैंकर पूरी तरह से एलएनजी गैस से लोड है और इसकी मंजिल भारत है।

### पोजीशन ब्रॉडकास्ट सिग्नल बंद रखा



इस जहाज ने 2 मई 2026 के आसपास अपना ट्रैकिंग सिग्नल भेजना बंद कर दिया था। उस समय यह खाली था और होर्मुज के पूर्वी मुहाने के पास खड़ा था। इस दौरान इस जहाज ने फारस की खाड़ी में स्थित एडनॉक के दास आइलैंड एक्सपोर्ट प्लांट से गैस लोड की।

### ईरान की सेना को आतंकी घोषित करे भारत

इजराइल ने भारत से ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को एक आतंकवादी संगठन घोषित करने और उस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इजराइल का कहना है कि आईआरजीसी अब केवल मध्य पूर्व के लिए चिंता का विषय नहीं है, बल्कि यह व्यापक वैश्विक सुरक्षा बहस का हिस्सा बन गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28